उज्जैन
रविवार
21
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-49
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



डेंटल सर्जन से अभिनेत्री बनीं श्रेया शर्मा मस्ती 4 की एक्ट्रेस बोलीं- कबीर सिंह में मैं कियारा की जगह ज्यादा अच्छा परफॉर्म कर सकती थी

पेज- 8

## मोदी असम में 10600 करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू करेंगे



**डिब्रूगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम के डिब्रूगढ़ जिले में 10,600 करोड़ रुपए की लागत वाले ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया यूरिया प्लांट की नींव रखेंगे। इससे पूरे इलाके में किसानों को यूरिया आसानी से मिल सकेगी। मोदी दो दिन के दौरे पर असम पहुंचे। वे नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्प लिमिटेड के मौजूदा परिसर में नए फर्टिलाइजर यूनिट की आधारशिला रखेंगे। भूमि पूजन के बाद मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। 126 सदस्यों वाली असम विधानसभा के चुनाव अगले साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। ये पिछले 4 महीने में उनका दूसरा दौरा है। चुनाव से तीन महीने पहले वे राज्य में कुल 15,600 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की शुरूआत कर रहे हैं।

## अरुणाचल में जासूसी नेटवर्क का खुलासा, पाकिस्तान कनेक्शन भी मिला

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास चीनी सेना की मौजूदगी और संभावित घुसपैठ की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों और अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे। शुरूआती जांच में इस नेटवर्क के चीन से जुड़े होने के संकेत भी मिले हैं। सुरक्षा विशेषज्ञ इसे हाइब्रिड वॉर की रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं, जिसमें जासूसी, घुसपैठ और सैन्य दबाव को एक साथ इस्तेमाल किया जाता है।

## रेखा गुप्ता अटैक केस कोर्ट बोला- सीएम आसान शिकार लगीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले के मामले में शनिवार को दोनों आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। अदालत ने कहा कि आरोपी को सीएम आसान शिकार लगीं। पहली नजर में ये आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास का केस बनता है। एडीशनल सेशन जज एकता गौबा मान ने आरोपी साकरिया राजेशभाई खिमजी और सैयद तहसीन रजा रफीउल्लाह शेख के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में आरोप तय करने का आदेश दिया।

## न्यूजीलैंड में सिख समुदाय के नगर कीर्तन का विरोध

**अमृतसर।** न्यूजीलैंड में लोकल लोगों ने सिख समुदाय की तरफ से निकाले जा रहे नगर कीर्तन का विरोध कर दिया। उन्होंने नगर कीर्तन का रास्ता रोक दिया। इसके बाद आगे खड़े होकर हाका प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने 'दिस इज न्यूजीलैंड, नॉट इंडिया' यानी यह न्यूजीलैंड है, भारत नहीं और 'न्यूजीलैंड को न्यूजीलैंड ही रहने दो, यह हमारी जमीन है, यही हमारा स्टैंड है' के बैनर लहराए। यह प्रदर्शन शनिवार को हुआ। उस वक्त सिख समुदाय का नगर कीर्तन गुरुद्वारे लौट रहा था। हालांकि न्यूजीलैंड पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बीचबचाव किया और प्रदर्शनकारियों को हटा दिया। शनिवार को न्यूजीलैंड के साउथ ऑकलैंड उपनगर मनुरेवा में सिख समुदाय की तरफ से नगर कीर्तन निकाला जा रहा था।

### रक्षा मंत्रालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वत लेते गिरफ्तार

# सीबीआई ने 2.36 करोड़ जब्त किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रक्षा मंत्रालय में पोस्टेड आर्मी अफसर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु की एक कंपनी से 3 लाख की रिश्वत लेने का आरोप है।

**प्राइवेट कंपनियों को फायदा पहुंचाता था, पत्नी भी शामिल**

सीबीआई ने शर्मा के घर से 2.36 करोड़ रुपए भी जब्त किए है। सीबीआई ने शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी मामला दर्ज किया था। तलाश की दौरान काजल के घर से 10 लाख रुपए भी बरामद किए हैं।

काजल, डिवीजन ऑर्डनेंस यूनिट श्रीगंगानगर (राजस्थान) में कमांडिंग ऑफिसर हैं। इस मामले में बिचौलिया विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों 23 दिसंबर तक सीबीआई की हिरासत में रहेंगे।

यह मामला 19 दिसंबर को मिली सूचना के आधार पर दर्ज किया गया। सीबीआई के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल रक्षा उत्पादों के निर्माण और निर्यात से जुड़ी प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर उन्हें फायदा पहुंचाने की साजिश रचते थे।




### घर से मिली नकदी और आपत्तिजनक सामग्री

खबर मिलने पर जांच एजेंसी ने श्रीगंगानगर, बेंगलुरु, जम्मू सहित कई स्थानों पर तलाशी ली। दिल्ली में लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा के घर पर तलाशी के दौरान 3 लाख रुपए, 2.23 करोड़ रुपए नकद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। अधिकारियों ने श्रीगंगानगर में उनकी पत्नी के घर से भी 10 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं। उनके कार्यालय में भी तलाशी जारी है। दोनों आरोपियों को 20 दिसंबर को अदालत में पेश किया गया। फिलहाल इन्हें 23 दिसंबर हिरासत में भेज दिया गया है।

### सीबीआई ने ऐसे कसा लेफ्टिनेंट कर्नल पर शिकंजा

- सीबीआई को बेंगलुरु की एक कंपनी से संभावित रिश्वत भुगतान के बारे में जानकारी मिली थी। राजीव यादव और रवजीत सिंह नाम के शख्स उस कंपनी के मामलों को देख रहे थे।
- दोनों शर्मा के साथ लगातार संपर्क में थे। दोनों ने कंपनी के लिए कई सरकारी विभागों और मंत्रालयों से अवैध फायदा हासिल करने की कोशिश में थे।
- पकड़े गए दूसरे आरोपी विनोद कुमार ने बेंगलुरु की इस कंपनी के कहने पर 18 दिसंबर को दीपक कुमार शर्मा को 3 लाख रुपए की रिश्वत दी। जांच एजेंसी का दावा है कि यह कंपनी दुबई की है और राजीव यादव और रवजीत सिंह भारत में इसका ऑपरेशन देखते थे।

### दिल्ली में ईवी पॉलिसी लाएगी सरकार

## अप्रैल-2026 से लागू होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने और ट्रांस्पोर्ट सिस्टम में मॉर्डनाइजेशन लाने के लिए रेखा सरकार ने नई इलेक्ट्रिक विहिकल (ईवी) पॉलिसी का खाका तैयार किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संकेत दिए हैं कि यह पॉलिसी अगले वित्त वर्ष, यानी अप्रैल 2026 से इसे लागू किया जा सकता है। इसकी जानकारी दिल्ली सरकार में मंत्री पंकज सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। पॉलिसी से पहले चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाकर इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने पर जोर रहेगा। ईवी अपनाने से पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे प्रदूषकों के स्तर में कमी आएगी। इसी के साथ पेट्रोल-डीजल (आईसीई) वाहनों और ईवी की कीमतों के अंतर को कम करने के लिए सब्सिडी दी जाएगी। ईवी खरीद पर रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क पहले ही समाप्त किए जा चुके हैं। इसके साथ ही, पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हटाने के लिए स्क्रैपिंग इंसेंटिव योजना लाई जाएगी।

## भारत विरोधी बांग्लादेशी नेता के जनाजे में लाखों लोग पहुंचे

### छात्र नेता बोले- हम शोक मनाने नहीं आए, सरकार 24 घंटे में जवाब दे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका



भारत और शेख हसीना के विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी के जनाजे में शनिवार को लाखों लोग शामिल हुए। हादी को बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। इससे पहले दोपहर 2:30 बजे संसद भवन के साउथ प्लाजा में जनाजे की नमाज अदा की गई।

इंकलाब मंच के सदस्य सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने समर्थकों से जनाजे के बाद प्रदर्शन के लिए शाहबाग जाने का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा- हम यहां शोक मनाने नहीं आए हैं। हम अपने भाई के लिए न्याय की मांग करने आए हैं। जाबेर ने कहा कि हादी की हत्या में शामिल हमलावरों को घटना के एक हफ्ते बाद भी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। उन्होंने सरकार से 24 घंटों के भीतर अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने की मांग की।

### नोरा फतेही की कार का जोरदार एक्सीडेंट

## सिर में आई चोट के बावजूद दी परफॉर्मेंस



**नशे में शख्स ने कई लोगों को टक्कर मारी**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नोरा फतेही की कार का जोरदार एक्सीडेंट हो गया है। इस एक्सीडेंट में नोरा फतेही के सिर में चोट आई है। बावजूद इसके नोरा फतेही ने शनिवार शाम को एक कॉन्सर्ट में परफॉर्मेंस दी है।

नोरा फतेही डेविड गुएटा के कॉन्सर्ट में शामिल होने के लिए सनबर्न फेस्टिवल जा रही थीं। तभी एक तेज रफ्तार कार चला रहे नशे में धुत शख्स ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मारी। नोरा ने एक वीडियो जारी कर बताया है कि ये घटना दोपहर 3 बजे हुई है। शख्स ने नोरा की कार को टक्कर मारने के अलावा भी कई लोगों पर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे कई लोगों को चोट आई हैं।

इस टक्कर से नोरा फतेही के सिर पर चोट आई है। नोरा को तुरंत नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनका सीटी स्कैन हुआ है। जांच में सामने आया है कि नोरा को कोई गंभीर चोट नहीं लगी हैं। डॉक्टर्स से सलाह के बाद नोरा सनबर्न 2025 में परफॉर्मेंस देने पहुंचीं थीं। नोरा फतेही की तरफ से उस शख्स के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई है। जिसे बाद टक्कर मारने वाले शख्स को हिरासत में लिया गया है। एक्सीडेंट की खबर आने के ठीक बाद नोरा का सनबर्म में दी गई परफॉर्मेंस का वीडियो सामने आया है। नोरा ने पूरी एनर्जी के साथ कॉन्सर्ट में परफॉर्मेंस दी, जिसकी जमकर सराहना हो रही है।

- एक्सीडेंट के बाद नोरा ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो शेयर की है, जिसमें उन्होंने कहा, मैं आप से कहना चाहती हूं कि मैं ठीक हूं। मेरा दोपहर में एक सीरियस एक्सीडेंट हुआ है। एक शराबी ने शराब के नशे में मेरी कार को टक्कर मारी। दुर्भाग्य से इम्पैक्ट बहुत ज्यादा था, मेरा सिर विंडो पर जाकर लगा। कोई बात नहीं।
- मैं जिंदा हूं और ठीक हूं, बस कुछ छोटी चोटों के अलावा। स्वेलिंग है। मैं ठीक हूं। मैं बहुत ग्रेटफुल हूं क्योंकि कुछ बड़ा हो सकता था। शेयर किए गए वीडियो में नोरा ने कहा है कि लोगों को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलानी चाहिए।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




एक वितरित दो और कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
**हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर**
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### मंडी परिसर में 2 हम्मालों में विवाद, एक लहूलुहान

**उज्जैन।** कृषि उपज मंडी में शनिवार को 2 हम्मालों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान एक लहूलुहान हो गया, जिसे चरक अस्पताल से इंदौर रैफर किया गया है। फाजलपुरा नगर कोट क्षेत्र में रहने वाला लाला पिता गोवर्धन बाथम 22 साल कृषि उपज मंडी में हम्माली करता है। दोपहर में उसका विवाद हम्माली करने वाले चंदू से हो गया। दोनों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ी कि चंदू ने ब्लेड (पत्ती) से लाला के चेहरे पर ताबातोड़ वार कर दिये और भाग निकला। लहूलुहान हो चुके लाला बाथम को चरक अस्पताल लाया गया, जहां इंदौर रैफर किया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों दोस्त है, उनके बीच खाने-पीने की बात पर विवाद हुआ था। मामले की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने जांच शुरू की है।

### 10 घण्टे 41 मिनट का गुजरेगा 22 दिसम्बर का दिन

**उज्जैन।** 22 दिसंबर साल का सबसे छोटा दिन होगा। इस दिन सूर्य की रोशनी 10 घंटे 41 मिनट की रहेगी वहीं रात का अंधेरा 13 घंटे 19 मिनट का होगा। दिसंबर साल का आखिरी महीना होता है प्रतिवर्ष दिन छोटा होने की खगोलीय घटना होती है। 25 दिसंबर बाद धीरे-धीरे दिन बड़े होने की शुरूआत होने लगेगी। जीवाजीराव वेधशाला अधीक्षक डॉ राजेंद्र कुमार गुप्त ने बताया कि दिन रात छोटे बड़े होने की घटना खगोलीय लिया है। 22 दिसंबर को दिन की अवधि 10 घंटे 41 मिनट रहने की वजह सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिभ्रमण की करण रहेगी। इस दिन सूर्य मकर रेखा पर लंबवत होगा, सूर्य की क्रान्ति 23 अंश 26 कला 15 विकला दक्षिण होगी। जिससे भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन तथा सबसे बड़ी रात होगी। 22-23 दिसंबर की रात 13 घंटे 19 मिनट की गुजरेगी। इससे पहले 22 दिसंबर को सूर्योदय 7 बजकर 5 मिनट तथा सूर्यास्त 5 बजकर 46 मिनट पर होगा। 22 दिसम्बर को सूर्य सायन मकर राशि में प्रवेश करेगा एवं सूर्य की स्थिति मकर राशि में 0 अंश 39 कला एवं 20 विकला होगी। 22 दिसम्बर के बाद सूर्य की गति उत्तर की ओर दृष्टिगोचर होना प्रारम्भ हो जाती है. जिसे सायन उत्तरायन का प्रारम्भ कहते हैं। सूर्य की उत्तर की ओर गति होने के कारण अब उत्तरी गोलार्द्ध में दिन धीरे-धीरे बड़े होने लगेंगे तथा रात छोटी होने लगेंगी। 21 मार्च 2026 को सूर्य विषुवत रेखा पर लम्बवत होगा। तब दिन-रात बराबर होंगे। वेधशाला अधीक्षक के अनुसार इस खगोलीय घटना को शंकु यन्त्र के माध्यम से प्रत्यक्ष देखा जा सकता है। इस दिन शंकु की छाया सबसे लम्बी होकर पूरे दिन मकर रेखा पर गमन करती हुई दृष्टिगोचर होगी। इस घटना को हम धूप होने पर ही देख सकेंगे। विज्ञान में रुचि रखने वाले दिन छोटा और रात बड़ी होने की अवधि को वेधशाला आकर यंत्रों के माध्यम से समझ सकते हैं।

### ससुराल जाने के लिये निकला युवक पहुंचा अस्पताल

**उज्जैन।** बदरखां पिंग्लेश्वर का हने वाला अर्पित पिता राकेश दायमा शुक्रवार रात बाइक से ससुराल सांवेर जाने के लिये निकला था। रास्ते में उसे कार ने टक्कर मार दी। ससुराल पहुंचने से पहले अर्पित घायल होने पर अस्पताल पहुंच गया। उसे एम्बुलेंस चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी। अर्पित के दुर्घटना में घायल होने की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे गये थे, वहीं मायके सांवेर से पत्नी भी उज्जैन पहुंच गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### उज्जैन में चार साहिबजादे, माता गुजरी का शहीदी पर्व

**उज्जैन।** उज्जैन में चार साहिबजादे और माता गुजरी का शहीदी पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। गीता कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा माता गुजरी में दो दिवसीय आयोजन 20 और 21 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। शनिवार सुबह अखंड पाठ की समाप्ति के बाद सिख समाज के सदस्यों ने निशान साहिब की सेवा की। शहीदी पर्व के तहत धार्मिक कार्यक्रम में गुरुवाणी, कीर्तन और कथा का आयोजन हुआ। सिख समाज के दलजीत सिंह अरोरा ने बताया कि शाम 6:30 से 7:30 बजे तक पाठ रहिरास साहिब और स्थानीय जत्थे द्वारा कीर्तन किया गया।

---

### पानी के बंटवारे को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

# डैम के पानी को लेकर दो गांव के किसान आमने-सामने, 3 घंटे सड़क पर बैठे किसान

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**





उज्जैन जिले के माकड़ोन में पानी के बंटवारे को लेकर लंबे समय से चले आ रहे विवाद के बाद किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। डेम के पानी को लेकर हुए विवाद के चलते माकड़ोन के किसानों ने मंडी गेट के बाहर चक्का जाम कर दिया। जाम के कारण कई घंटे तक सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। किसानों के समर्थन में महिलाएं भी अपने काम छोड़कर प्रदर्शन में शामिल हो गईं।

माकड़ोन के किसानों का आरोप है कि डेलची गांव के किसानों ने बीती रात उनकी मोटर और पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया। बताया गया कि पैतीसा डेम के पानी के बंटवारे को लेकर माकड़ोन और डेलची गांव के किसानों के बीच पिछले करीब छह वर्षों से विवाद चल रहा है। आरोप है कि रात के समय डेलची के कुछ लोगों ने डेम से माकड़ोन की ओर जा रही पाइपलाइन की मोटर उखाड़कर फेंक दी और कई पाइप तोड़ दिए। इस घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और उनकी फसलों की सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति भी बाधित हो गई। सुबह जब करीब 35 से अधिक किसानों की पाइपलाइन टूटी हुई मिली, तो आक्रोशित होकर माकड़ोन के 200 से ज्यादा किसानों ने चक्का जाम कर दिया। यह जाम सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ, जो दोपहर 1 बजे तक जारी रहा। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है, जबकि डेम में पानी की कमी बनी हुई है। इसी वजह से हर साल पानी के बंटवारे को लेकर दोनों गांवों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है।

#### 15 पर एफआईआर दर्ज

तहसीलदार नवीन कुंभकार ने बताया कि बीती रात कुछ किसानों द्वारा पाइपलाइन और मोटर नष्ट किए जाने की घटना सामने आई है। किसानों ने नुकसान की भरपाई और पानी के अधिकार की मांग की है। मामले में पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम भेजी गई है, जो नुकसान का आकलन करेगी और पानी के विवाद को आपसी बैठक के जरिए सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। इस घटना में करीब 35 किसानों की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है।

#### 20 से 25 हजार तक का नुकसान

गांव के राधेश्याम ने बताया कि परमिशन मिलने के बाद भी डेलची के लोग फसल पकने की कगार पर रहती है तब मोटर पाइप और स्टार्टर को नुकसान पहुंचाते है, कई बार शिकायत की कोई सुनवाई नहीं हुई। 20 से 25 हजार रुपए तक का नुकसान हुआ है।

---

### दिसंबर के तीसरे सप्ताह में करवट बदलता मौसम

# 25 से सर्दी बढ़ने के संकेत

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

दिसंबर के तीसरे सप्ताह में मौसम करवट बदलता दिखाई दे रहा है। दिन का पारा ऊपर चढ़ रहा है तो रात में सर्द हवा चल रही है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार शनिवार को दिन और रात के तापमान में 19.5 डिग्री का अंतर रहा हालांकि चार दिन में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के ऊपर आया है। अधिकतम तापमान 28 और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री दर्ज किया गया हालांकि चार दिन में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री से ऊपर आया है।

आर्द्रता सुबह 88 और शाम को 44 फीसदी रही। मौसम विभाग के



अनुसार उत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 194 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ऊपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवा बह रही है। 25 दिसंबर से एक नया लेकिन कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयीन क्षेत्रों को प्रभावित करने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में मैदानी क्षेत्रों में सर्दी का प्रकोप बढ़ने के संकेत हैं।

**गेहूं-चने की फसलों को फायदा**-लगातार सर्दी बढ़ने से गेहूं, चने की फसलों को फायदा हो रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार दीक्षित के अनुसार गेहूं और चने में दाना भरने की स्टेज होने पर सर्दी बहुत कारगर होती है। ऐसे में तापमान बढ़े तो दाना छोटा और कमजोर होने की आशंका बनी रहती है। अभी फसल अच्छी स्थिति में है।

---

# सांसद खेल महोत्सव : टेबल टेनिस स्पर्धा 24 दिसंबर को

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा युवाओं में खेलभावना को सशक्त करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत एक दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्पर्धा के संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी राजेश शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 24 दिसंबर को सुबह 10 बजे से स्थानीय राजमाता सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर नानाखेड़ा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में सांसद लोकसभा क्षेत्र की सातों विधानसभा क्षेत्रों के केवल विजेता खिलाड़ी ही सहभागिता करेंगे। सांसद अनिल फिरोजिया ने टेबल टेनिस स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे खेलभावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओ के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। सांसद फिरोजिया ने खिलाड़ियों के अभिभावकों से भी आग्रह किया है कि वे प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होकर अपने बच्चों का उत्साहवर्धन करें, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल और अधिक बढ़ सके। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की खेलों के माध्यम से देश को एक सूत्र में जोड़ने की अभिनव सोच के अनुरूप सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

---

### सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस के अवसर पर

# विशेष हाइब्रिड ऑफ लाइन एवं ऑनलाइन परिसंवाद का सांध्य आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस के अवसर पर एक विशेष हाइब्रिड ऑफ लाइन एवं ऑनलाइन परिसंवाद का सांध्य आयोजन किया गया। बहुमुखी उद्देश्यों के साथ प्रवासन से जुड़े सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं मानसिक पहलुओं पर जागरूकता बढ़ाना तथा सतत विकास लक्ष्यों के संदर्भ में प्रवासियों के योगदान को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अर्पण भारद्वाज ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रवासी न केवल वैश्विक विकास में योगदान देते हैं, बल्कि अपने ज्ञान, कौशल और अनुभव के माध्यम से मातृभूमि की पहचान को




भी सुदृढ़ करते हैं।

इस अवसर पर अतिथि वक्ताओं का परिचय प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता, संकायअध्यक्ष एवं निदेशक पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यव. प्रबंध संस्थान, ने दिया। परिसंवाद की सहअध्यक्षता कार्यपरिषद सदस्य प्रो डा दीपक गुप्ता ने करते हुए कहा कि प्रवासन को एक चुनौती नहीं बल्कि अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए और समाज को प्रवासियों के योगदान को सम्मान एवं सहयोग के साथ स्वीकार करना चाहिए।

युवा वैज्ञानिक रसायनशास्त्री डॉ. जीवन सोलंकी, अभियांत्रिकी अध्ययन शाला संकाय डॉ. डीपी जायसवाल ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संपोषणीय विकास लक्ष्यों एसडीजी 3,4,8,9 एवं 17 का भी प्रवासन से सीधा संबंध होता है जो करियर एवं आर्थिक गतिविधियों पर भी प्रभाव डालता है संध्या आभासी परिसंवाद संस्करण में प्रमुख वक्ता के रूप में श्री अरविंद कुमार अग्रवाल, जनरल मैनेजर एवं हेड ऑफ इंजीनियरिंग, इंटरनेशनल मैरीटाइम इंस्टीट्यूट, ग्रेटर नोएडा ने वैश्विक समुद्री क्षेत्र में पेशेवर प्रवासन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि तकनीकी दक्षता के साथ-साथ अनुकूलन क्षमता प्रवासी पेशेवरों के लिए अत्यंत आवश्यक है। सुश्री नियंता डे, मनोवैज्ञानिक, विशेषज्ञ सलाहकार मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों एवं प्रवासन से जुड़ी मानसिक एवं भावनात्मक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्थानांतरण, सांस्कृतिक परिवर्तन और पहचान का संघर्ष प्रवासियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, जिसके लिए समय पर सहयोग और संवाद आवश्यक है। इंजी. निखिल कुमार अग्रवाल, सीनियर माइनिंग इंजीनियर अमेरिका ने अपने अंतरराष्ट्रीय कार्य अनुभव साझा करते हुए कहा कि कुशल प्रवासन ज्ञान विनिमय, नवाचार और वैश्विक औद्योगिक विकास को गति देता है। सतत विकास लक्ष्यों के अंतर्गत समावेशी आर्थिक विकास, असमानता में कमी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा वैश्विक साझेदारी जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन शोधार्थी अर्चित चोपड़ा एवं इंजी.मेहा शर्मा के प्रश्नोत्तर सत्र संयोजन एवं डा नयनतारा डामोर सहायक प्राध्यापक जेएन आईबीएम के आभार व्यक्त के साथ हुआ।

उज्जैन
रविवार
21
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र

नाङ्गुल्या कारयेत् किञ्चिद् दक्षिणेन तु सादरम्।
समस्तेनैव हस्तेन मार्गमप्येवमादिशेत्॥

**अर्थः** रास्ते के बारे में पूछने वाले पथिक को उंगली के इशारे से संकेत नहीं देना चाहिए, बल्कि समूचे दाहिने हाथ को धीरे-से समुचित दिशा की ओर उठाते हुए आदर के साथ रास्ता दिखाना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### जेल में ही रहेगी सोनम, हनीमून मर्डर में जमानत खारिज

**इंदौर।** इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड एक बार फिर गरमा गया है। राजा की हत्या की आरोपी उसकी पत्नी सोनम रघुवंशी की जमानत याचिका कोर्ट ने तीसरा बार खारिज कर दी है। राजा के भाई विपिन ने इस बात की पुष्टि की है कि सोनम की जमानत याचिका तीसरी बार खारिज हो चुकी है। इसके पहले भी दो बार सोनम की जमानत याचिका लगी थी। बता दें, राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में उसकी पत्नी सोनम रघुवंशी सहित राज कुशवाह, विशाल चौहान, आकाश राजपूत, आनंद कुर्मी शिलांग जेल में बंद हैं। राजा के भाई विपिन रघुवंशी सहित सोनम की सहेलियों के भी बयान हो चुके हैं। शिलॉन्ग जेल में बंद सोनम रघुवंशी की जमानत याचिका कुछ दिन पहले ही शिलॉन्ग कोर्ट में लगी थी। विपिन ने बताया कि 17 या 18 दिसंबर को सोनम की जमानत याचिका कोर्ट में लगी थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। हालांकि, इस मामले में उनकी वकील से पूरी बात नहीं हो पाई है। वकील के साथ ही अन्य लोगों से भी जानकारी ले रहे हैं। विपिन का कहना है कि जमानत याचिका में सोनम ने शादी से खुश होने और राज और उसके रिश्ते को भाई-बहन का बताया था। मगर विपिन ने इसे लेकर कई सवाल उठाए थे।

### इंदौर में बेटे के सामने पिता को पटक-पटककर पीटा

**इंदौर।** इंदौर के सुखलिया इलाके का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें गाड़ी टकराने के विवाद में कुछ लोग एक शख्स को उसके बेटे के सामने पीटते हुए नजर आ रहे हैं। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, मामले में हीरा नगर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। मनोज ने अपनी शिकायत में बताया कि, मेरे बेटे की परीक्षा चल रही है। मैं उसे स्कूल से लेकर घर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे मोटर साइकिल चालक सागर वामदले और उसके साथी अनुज दीक्षित ने मुझे गाड़ी टर्न करने की बात को लेकर गालियां दी। मैंने उन्हें मना किया तो अनुज ने धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट शुरू कर दी। सागर वामदले ने वहीं पास में पडे. लोहे के पाइप से मुझे घुटने के नीचे और सिर पर मार दिया। मैं रोड पर गिर गया। मारपीट से मेरे बाएं पैर और सिर में चोट आई है।

### बांग्लादेश के सत्ता प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन

**इंदौर।** बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे नरसंहार एवं अत्याचारों के विरोध में शनिवार शाम इंदौर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बांग्लादेश की वर्तमान सत्ता के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के पुतले को चौराहे पर सरेराह फांसी दी और फिर पुतला दहन किया। अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के नेतृत्व में इंदौर स्थित गोपुर चौराहा पर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचारों के खिलाफ जनआक्रोश व्यक्त किया गया। इस दौरान बांग्लादेश की वर्तमान सत्ता के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के पुतले को चौराहे पर सरेराह फांसी देकर आक्रोश का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। इसके बाद पुतले और बांग्लादेश के झंडे को जलाकर हिन्दू समाज पर हो रहे नरसंहार के प्रति विरोध दर्ज कराया गया। इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हिन्दू समाज पर हो रहे अत्याचार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विश्व समुदाय और भारत सरकार से मांग की गई कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। यह प्रदर्शन हिन्दू समाज की एकजुटता, जागरूकता और अन्याय के विरुद्ध दृढ़ संकल्प का प्रतीक रहा।

### इंडिगो-एयर इंडिया एक्सप्रेस कर रही संचालन की तैयारी, एयरपोर्ट जनवरी से 24 घंटे शुरू होगा

# इंदौर से नए साल में शुरू होगी बैंकॉक की फ्लाइट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जल्द ही एक और सीधी इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू होने वाली है। एविएशन इंडस्ट्री से जुड़े एक्सपर्ट का कहना है कि इस इंटरनेशनल फ्लाइट का संचालन जनवरी 2025 से शुरू होने की संभावना है। इस फ्लाइट का संचालन एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो कंपनी करेगी। एक्सपर्ट की मानें तो इंदौर से बैंकॉक की सीधी फ्लाइट के लिए इंडिगो ने पिछले दिनों एक सर्वे भी कराया था जिसमें यह बात सामने आई थी की इंदौर एयरपोर्ट से बैंकॉक (थाईलैंड) और शारजाह के लिए फ्लाइट यात्रियों की पहली पसंद है।




ट्रेवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया कि हमने एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो एयरलाइंस के प्रतिनिधियों से एसोसिएशन के माध्यम से यह रिक्वेस्ट की है कि इंदौर से बैंकॉक की फ्लाइट शुरू की जाए। इंदौर को एक और इंटरनेशनल फ्लाइट की जरूरत है, हमें अभी यह देखने में आया है कि अभी सबसे ज्यादा जरूरतें बैंकॉक फ्लाइट की हैं।

इंदौर से वर्तमान में सबसे ज्यादा यात्री बैंकॉक के लिए यात्रा कर रहे हैं। इंदौर से बैंकॉक की फ्लाइट इस समय सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। जनवरी 2025 में यह फ्लाइट शुरू होना थी, लेकिन इंदौर एयरपोर्ट का अभी काम चल रहा है, वहां रात में फ्लाइट का संचालन बंद हो जाता है, इसलिए यह फ्लाइट शुरू नहीं हो पाई है। अभी ऐसी जानकारी सामने आई है कि जनवरी 2026 के पहले सप्ताह से इंदौर एयरपोर्ट 24 घंटे के लिए शुरू हो जाएगा, जिसके बाद इंदौर एयरपोर्ट से एयर इंडिया और इंडिगो बैंकॉक की फ्लाइट शुरू कर दें।

### इंदौर-शारजाह चल रही हाउसफुल

- कटारिया ने बताया कि समय बदलने से लगातार बुकिंग बढ़ रही हैं। इंदौर-शारजाह फ्लाइट सातों दिन चलने व रात की जगह दोपहर में पहुंचने से यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 80 प्रतिशत सीटें फुल चल रही हैं। फ्लाइट में कुल 176 सीटों में से 135-150 सीटें आने-जाने में लगातार फुल चल रही हैं। कई बार तो यह आंकड़ा 85 प्रतिशत तक पहुंच रहा है।
- इस फ्लाइट के पूरी आक्यूपेंसी से चलने का मुख्य कारण यह है कि यह फ्लाइट जो पहले रात में इंदौर से जाती थी और रात में लगभग बजे पहुंचती थी। अब यह सुबह इंदौर से रवाना होकर सुबह 11.30 बजे शारजाह पहुंच जाती हैं, वहीं यात्री होटल के चेक इन टाइम पर दुबई पहुंच जाते हैं। इससे एक पूरा दिन यात्रियों का बिगड़ता नहीं है।

### सांसद ने भी भेजा था बैंकॉक और सिंगापुर प्रस्ताव

- सांसद शंकर लालवानी ने भी लगभग एक साल पहले इंदौर से बैंकॉक और सिंगापुर के लिए सीधी फ्लाइट शुरू करने का एक प्रस्ताव एयरलाइंस कंपनी को भेजा था। उस समय शंकर लालवानी ने बताया था कि हमने बैंकॉक और सिंगापुर के लिए प्रस्ताव भेजा है। यह दोनों ऐसी जगह हैं जहां का टूरिज्म सेक्टर काफी डिमांड में रहता है।
- एयरलाइंस कंपनियों ने भी हमारे प्रस्ताव पर विचार किया है। भविष्य में इंदौर-बैंकॉक फ्लाइट शुरू हो सकती हैं। इंदौर से सिंगापुर और बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की मांग लंबे समय से सामने आती रही है। इंदौर से अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की बात करें तो बड़ी संख्या में लोग थाईलैंड और सिंगापुर भी जाते हैं।

### एमजीएम मेडिकल कॉलेज में फिर रैगिंग का मामला

# सस्पेंड सीनियर छात्रों नेजूनियरों से मारपीट की धमकाने और जबरन शराब पिलाने के आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब एक माह में दूसरी गंभीर घटना सामने आई है। जूनियर छात्रों ने सीनियरों पर फ्लैट में बुलाकर मारपीट, डराने-धमकाने और जबरन शराब पिलाने के आरोप लगाए हैं।

इन सीनियरों में पूर्व में रैगिंग के मामले में सस्पेंड किए गए दो छात्र भी हैं। यानी सीनियर छात्रों पर पहले की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के बावजूद रैगिंग की घटनाएं रुक नहीं रही है।

इस बार रैगिंग की शिकायत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को करने की नहीं बल्कि कॉलेज प्रशासन को एक गुमनाम पत्र मिला। एंटी-रैगिंग कमेटी की



जांच में लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई। शिकायत के अनुसार 2025 बैच के जूनियर छात्रों को 2024 बैच के सीनियर छात्रों ने एक निजी फ्लैट पर बुलाया, जहां उनके साथ मारपीट की गई और जबरन नाचने के लिए मजबूर किया गया। पीड़ितों में इंदौर के एक प्रतिष्ठित डॉक्टर का बेटा भी शामिल है। जांच में यह भी सामने आया कि ताजा मामले में नामजद दो सीनियर छात्र 18 नवंबर की रैगिंग घटना में भी शामिल थे। कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें पहले एक माह के लिए निलंबित किया था।

शिकायत सामने आने के बाद कमेटी ने सीनियर और जूनियर छात्रों को अलग-अलग बुलाकर बयान दर्ज किए। जांच के दौरान रैगिंग की पुष्टि हुई। बताया गया कि घटनाओं के बाद जूनियर छात्र इतने डरे हुए थे कि पूछताछ के दौरान भी वे खुलकर अपनी बात नहीं रख पा रहे थे। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि कॉलेज प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और विस्तृत जांच की जा रही है। शिकायत मिलने के तुरंत बाद एंटी-रैगिंग कमेटी ने जांच शुरू की और जूनियर व सीनियर छात्रों के बयान अलग-अलग दर्ज किए हैं। हाल ही में एक अन्य शिकायत में जूनियर छात्रों ने खेल के दौरान उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सीनियर छात्र क्रिकेट खेलते रहे और जूनियरों से घंटों तक बिना ब्रेक फील्डिंग करवाई गई। सीनियरों ने उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं दिया और लंबे समय तक मैदान में खड़े रहने के लिए मजबूर किया।

# इंदौर में 25 करोड़ में ढाई लाख कुत्तों की नसबंदी

### 80% नसबंदी का दावा, फिर भी बढ़ रहे स्ट्रीट डॉग्स
### हर माह आ रहे 4500 से ज्यादा डॉग बाइट के केस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर


इंदौर में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इंदौर हाई कोर्ट में 19 दिसंबर को जनहित याचिका के मामले में सुनवाई हुई। जिसमें नगर निगम ने 2.39 लाख से ज्यादा स्ट्रीट डॉग्स की नसबंदी का दावा कर रिपोर्ट भी पेश की थी। बताया था कि नसबंदी का काम हर दिन जारी है। आंकड़े और मैदानी स्थिति में बड़ा अंतर मिला तो कोर्ट ने सवाल खड़े किए। कहा कि जब हम खुद वॉक करने निकलते हैं तो जगह-जगह आवारा कुत्ते नजर आते हैं। पता नहीं पूरे शहर में क्या हाल होंगे? यह भी कहा कि इस समस्या पर ठोस कार्रवाई कीजिए, नहीं तो नसबंदी अभियान, अब तक किए स्टरलाइजेशन के मामले में न्यायिक जांच बैठा दी जाएगी। नसबंदी पर 25 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। फिर भी अस्पताल हो, धार्मिक क्षेत्र, कॉलोनी, मोहल्ला या कोई भी सार्वजनिक स्थान आवारा कुत्तों की काफी भरमार है। अधिकांश स्थानों पर रात में ये कुत्ते खूंखार हो जाते हैं। वाहन चालकों पर हमला करते हैं। जिससे कई लोग शिकार हो चुके हैं।

# इंदौर में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य उद्घाटन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर शहर के लिए शनिवार का दिन विशेष और स्मरणीय बन गया। श्री दिगंबर जैन उदासीन आश्रम ट्रस्ट द्वारा संचालित कुंद-कुंद ज्ञानपीठ, इंदौर की दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ अंतमुर्खी मुनि श्री पूज्य सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी, कार्यक्रम अध्यक्ष नई दिल्ली स्थित विद्याभूषण लोकमंगल न्यास के अध्यक्ष डॉ. जयकुमार उपाध्ये सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर वेदिका जैन की सांगीतिक प्रस्तुति से मंगलाचरण हुआ। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथियों के रूप में आईआईएमएस की पूर्व कुलगुरु प्रोफेसर रेणु जैन, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु सुरेशकुमार जैन, दिल्ली के पूर्व कुल सचिव प्रोफेसर नलिन के शास्त्री, महर्षि पाणिनि विश्वविद्यालय के कुलगुरु शिवशंकर मिश्रा, प्रोफेसर संगीता मेहता तथा सह निदेशक राहुल सिंघई उपस्थित रहे। इस अवसर पर इंजीनियर अनिलकुमार जैन द्वारा रचित ग्रंथ का विमोचन अतिथियों के करकमलों से किया गया।

धर्म, भाषा, संस्कृति और साहित्य के संरक्षण का अद्वितीय कार्य



उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि कुंदकुंद ज्ञानपीठ धर्म, भाषा, संस्कृति और साहित्य के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि कासलीवाल परिवार की तीसरी पीढ़ी इस पुण्य कार्य में निरंतर संलग्न है, जो अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है। इंजीनियर अनिलकुमार जैन ने अपने उद्बोधन में सिरि भूवलय ग्रंथ का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। वहीं प्रोफेसर संगीता मेहता ने प्राकृत विद्या पर अत्यंत सारगर्भित प्रस्तुति देते हुए कहा कि यह संस्थान विशेष रूप से युवाओं के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रोफेसर नलिन के शास्त्री ने प्राकृत भाषा और साहित्य के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्राकृत स्वाभाविक रूप से जन-जन की भाषा रही है। अधिकांश प्राचीन ग्रंथ प्राकृत में ही रचे गए हैं, जिसमें बोली और भाषा के विकास में अहम योगदान दिया है। कार्यक्रम को बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु सुरेशकुमार जैन ने भी संबोधित किया। वहीं कुलगुरु शिवशंकर मिश्रा ने कहा कि पूज्य साधु तीर्थ के समान होते हैं और उनकी उपस्थिति से पूरा वातावरण आध्यात्मिक हो जाता है।

## खबर एक नजर...

### श्री रविदास सेवक संघ की कोई भी साधारण सभा आज नहीं

**उज्जैन।** आज 21 दिसंबर रविवार को प्रेम छाया परिसर में श्री रविदास सेवक संघ की कोई साधारण सभा नहीं रखी गयी है और ना ही नवीन अध्यक्ष एवं कार्यकारीणी की चयन संबंधी भी कोई मीटिंग नहीं रखी गयी है। ऐसे भ्रामक प्रचार से सभी रविदास समाज जन सावधान रहें। श्री रविदास सेवक संघ के उपाध्यक्ष चुन्नीलाल सूर्यवंशी ने बताया कि मुकेश सूर्यवंशी नामक व्यक्ति के द्वारा मनघड़ंत श्री रविदास सेवक संघ के नाम से पर्चा समाज जनों को भिजवाया है जिसमें संस्था का पता व जारीकर्ता का पता सूचना पत्र में नहीं हैं। इस प्रकार पूर्ण रूप से श्री रविदास सेवक संघ के नाम की सूचना भ्रमक व झूठी है। श्री रविदास सेवक संघ के अध्यक्ष किशोरीलाल सूर्यवंशी है व संस्था का पंजीकृत कार्यालय 3/4, कुशलपुरा, उज्जैन है। रविदास सेवक संघ के नाम व पंजीयन क्रमांक का उपयोग करके अवैधानिक रूप से की जा रही मिटिंग के संबंध में संबंधित के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में कार्यवाह संस्था के द्वारा की जावेगी। समस्त समाजजनों को अवगत कराया जाता है कि श्री रविदास सेवक संघ के नाम से मिटिंग का भ्रामक प्रचार किया जा रहा है व अवैधानिक मिटिंग रखी जा रही है। ऐसे लोगों से सावधान रहे व समाजजन को आपस में विघटन होने व समाज को टुटने से बचाने में सहयोग करें।

### मल्लखंब, रोप मल्लखंब, योगा, सूर्यनमस्कार, प्रतियोगिता में विजेताओं को दिये उपहार

**उज्जैन।** योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन शा. शालिग्राम तोमर स्कूल दौलतगंज उज्जैन द्वारा स्व. श्री रविशंकर सोलंकी जी की 24वी पुण्य तिथि पर विशेष कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें संस्था द्वारा मल्लखंब, रोप मल्लखंब, योगा, सूर्यनमस्कार, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चे को संस्था द्वारा जूते (शूज) वितरित किए गए। संस्था के बच्चों द्वारा रोप मल्लखम्ब व पोल मल्लखम्ब पर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल जैन कालूहेड़ा विधायक, जगदीश पांचाल नगर महामंत्री, योगेश्वरी राठौड़ पार्षद, विजय सिंह चौहान द्वारा बच्चों को आशीर्वचन व गिफ्ट वितरित किए गए।

### शास्त्रोक्त एक दिन पूर्व ही मनी अमावस्या, अस्त में मान्य न होने से नहीं आए श्रद्धालु

# श्रद्धालुओं की संख्या के सामने व्यवस्था बडी रही

### शनिश्चरी अमावस्या स्नान को कम ही जूटे श्रद्धालु







ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शनिश्चरी अमावस्या को लेकर प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था श्रद्धालुओं के सामने बडी रही है। अनुमान से भी काफी कम संख्या में ही श्रद्धालु शनि मंदिर घाट पर स्नान के लिए पहुंचे थे। कम श्रद्धालुओं के आने से न तो आवागमन में समस्या सामने आई और न ही पार्किंग एवं सुरक्षा के इंतजाम ही कम पडे। हाल यह रहे कि फव्वारे खाली चलते रहे और श्रद्धालु गिनती के रहे।

शनिश्चरी अमावस्या को लेकर इंदौर रोड श्री शनिदेव नवग्रह मंदिर पर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक इंतजाम किए गए थे। नगर निगम की और से भी यहां पर्याप्त प्रबंध किए गए थे और जमकर अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई थी। सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग ने भी अपने अधिकारियों की डयूटी लगाई थी। राजस्?व विभाग की और से ग्राम कोटवारों को भी मंदिर की व्यवस्था में लगाया गया था। शनिवार सुबह से ही मंदिर पर श्रद्धालुओं का इंतजार होता रहा । इस दौरान एक झएक ,दो-दो श्रद्धालु आते रहे,साथ ही शनिवार को दर्शन करने जाने वाले नियमित एवं अन्य श्रद्धालु ही पहुंचे थे। दोपहर तक यहां स्नान एवं दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का आंकडा चार अंकों में ही सिमट गया। मंदिर प्रबंध समिति के प्रबंधक एवं पटवारी सतीश मोथलिया बताते हैं कि सुबह के समय 9-10 बजे तक ही त्रिवणी स्नान के लिए श्रद्धालु जुटे थे। ये भी भाग झभाग में आते रहे और फव्वारा स्नान कर भगवान की दर्शन पूजन किया। नियमित श्रद्धालुओं सहित अमावस्या स्नान के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं की संख्या 4-5 हजार में ही सिमट गई थी। व्यवस्थाएं आकस्मिक रूप से अगर श्रद्धालुओं की संख्या के मान को देखते हुए की गई थी।

## अखिल भारतीय औदिच्य ब्राह्मण महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन

### बाबा गुमानदेव हनुमान परिवार द इंटरनेशनल हनुमान मिशन द्वारा किया गया पटेल सत्यनारायण त्रिवेदी का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पीपली नाका रोड स्थित श्री गुमानदेव हनुमान मंदिर प्रांगण स्थित श्री श्याम महल परिसर में बाबा गुमानदेव हनुमान परिवार द इंटरनेशनल हनुमान मिशन द्वारा अखिल भारतीय औदिच्य ब्राह्मण महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पटेल श्री सत्यनारायण त्रिवेदी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

आयोजक पं चंदन श्याम नारायण व्यास ने बताया कि सर्वप्रथम बाबा गुमानदेव हनुमानजी महाराज का विधिवत पूजन किया गया। इष्ट देव भगवान गोविंद माधव के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण त्रिवेदी को संस्था अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा शाल श्रीफल और साँफा बाँध कर अभिनन्दन पत्र दिया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध गीता प्रचारक स्वामी गीतानंदजी महाराज, मालवांचल के सुप्रसिद्ध युवा कथाकार पं अर्जुन गौतम, समाजसेवी अनंतनारायण मीणा, ओम पंड्या, उद्धव जोशी, प्रवीण ठाकुर, दिनेश पंड्या, वासुदेव रावल, महेश जोशी, श्याम मेहता, पं गोपाल कृष्ण दवे, गिरिराज शर्मा, पं राम शुक्ल, पं जयंत द्विवेदी, पुनीत पण्ड्या, पं अधीश द्विवेदी, पं हेमंत जोशी, जितेंद्र अग्रवाल, नवीन सांखला, कैलाश जाट, अभिनव जोशी, अक्षत जोशी आदि शहर के कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ अखिल भारतीय भार्गव सभा का 134वां वार्षिक अधिवेशन

### देशभर से 1200 से अधिक समाजजनों ने की सहभागिता, अधिवेशन स्थल पर विवाह परामर्श शिविर का शुभारंभ भी किया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



अखिल भारतीय भार्गव सभा का 134वां वार्षिक अधिवेशन ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ। अधिवेशन में देशभर से 1200 से अधिक समाजजन शामिल हुए।

ध्वजारोहण अवसर पर अखिल भारतीय सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल भार्गव रेवाड़ी, प्रधान सचिव संजय कुमार भार्गव जयपुर, कोषाध्यक्ष सीए विजय भार्गव आगरा, मोहित भार्गव दिल्ली, उपाध्यक्ष नरेश भार्गव जयपुर, पूर्व प्रधान एडवोकेट अजय कुमार भार्गव जयपुर, उपप्रधान रमेश भार्गव अलवर, उपप्रधान पंकज भार्गव सचिव जयपुर एवं उज्जैन भार्गव सभा के पदाधिकारी अखिल भार्गव, अजय भार्गव रेमंड, सुधीर भार्गव, पीयूष भार्गव, आयुष भार्गव, राकेश भार्गव, संदीप भार्गव, शिवम भार्गव, आशीष भार्गव, अजय भार्गव, अजीत भार्गव आदि उपस्थित थे।

प्रचार प्रसार समिति के संयोजक राकेश भार्गव एवं सह संयोजक शिवम भार्गव ने बताया कि अधिवेशन स्थल पर विवाह परामर्श शिविर का शुभारंभ भी किया गया। जिसमें मुख्य रूप से रामकुमार भार्गव, ओमी भार्गव, मीनू भार्गव, विनीता भार्गव, प्रीति भार्गव, पूनम भार्गव, साधना भार्गव की अहम भूमिका रही है।

महिला कार्यक्रमों में उप समिति द्वारा सलाद मेकिंग, अल्पना मेकिंग, मेहंदी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें संयोजक पारुल भार्गव, योगिता भार्गव, दीपाली भार्गव, नीरा भार्गव, जूही भार्गव आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

अधिवेशन में खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई।

# नेशनल लोक अदालत- न्यायालयों में लंबित 1352 प्रकरणों का समझौते से समाधान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में एनकार्ड(नार्को कार्डिनेशन समिति) की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि नार्कोटिक एवं अन्य मादक दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के तारतम्य में गृह मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकार्ड समिति का गठन किया गया है ।बैठक में समिति के सदस्य सचिव एएसपी श्री अभिषेक रंजन ने बताया कि जिला उज्जैन में वर्ष 2025 में एनडीपीएस एक्ट के कुल 71 अपराध विभिन्न थानों पर पंजीबद्ध हुए है जिनमें 104 आरोपियों की गिरफ्तारी की जाकर उनके कब्जे से गांजा 54 किलो 594 ग्राम, डोडाचूरा 87 किलो 950 ग्राम, स्मैक / ब्राउन शुगर 18 ग्राम, चरस 506.28 ग्राम, मेकाडीन एमडी ड्रग्स 109.3 ग्राम, मेकाडीन 58 ग्राम, एमडीए 279.66 ग्राम व अफीम के हरे पौधे 820 नग जिनका कुल वजन 53 किलो 600 ग्राम तथां अफीम 1 किलो 6 ग्राम जप्त की गई है। कुल जप्त मादक पदार्थ की कीमत 46 लाख 97 हजार है जिसमें 02 प्रकरणों में (पीआटीएनडीपीएस एक्ट) की कार्यवाही की गई है ।ज्ञात हो कि मादक पदार्थों और मनोरोगी पदार्थों की अवैध तस्करी की रोकथाम अधिनियम (पीआईटीएनडीपीएस अधिनियम) को भारत सरकार द्वारा 1988 में देश में मादक पदार्थों और मनोरोगी पदार्थों की अवैध तस्करी को रोकने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। यह अधिनियम ऐसी गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों को हिरासत में लेने की अनुमति देता है ।बैठक में जानकारी दी गई कि मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित सूचनाओं और शिकायत दर्ज करने के लिए मानस-नेशनल नार्कोटिक्स हेल्पलाईन नंबर 1933 पर संपर्क किया जा सकता है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी ।बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा जिले में मादक पदार्थों/दवाओं की रोकथाम और समन्वय के अंतर्गत की गई कार्यवाही के बारे में भी जानकारी दी गई। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग श्री एस के सोलंकी ने बताया कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने और इसकी प्रवृत्ति से सचेत रहने के लिए कलापथक दलों द्वारा समय समय पर विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ।कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि मादक पदार्थों के प्रति सचेत रहने के लिए की जाने वाली जागरुकता गतिविधियों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

साथ ही जिला औषधि निरीक्षक द्वारा नियमित रुप से मेडिकल स्टोर्स की जांच भी की जाए ।बैठक में श्री रंजन ने समिति के द्वारा किए जाने वाले प्रमुख कार्यों के बारे में बताया गया कि समिति द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में सूचना का आदान-प्रदान करना, जिले में अफीम, भांग आदि की फसल की अवैध खेती की निगरानी करना, ऐसे प्रकरण जो उ१ङ्क२२-२३ॅ३ी संबंधि हो उनकी जांच की प्रगति की निगरानी करना, स्कूलों, कॉलेजों आदि में नशीली दवाओं के दुरुपयोग विरोधी जागरुकता को बढावा देना,एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों और दवाओं के हानिकारक प्रभावो पर मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करना है। इसके अलावा जिलों में सादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक निकास कार्यक्रम लागू करना, मादक पदार्थों का पता लगाने के लिए उपकरणों की आवश्यकताओं का आकलन करना और इनकी व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाना है।

बैठक में एडीएम श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर, समिति के सदस्य सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल जिला औषधि निरीक्षक एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### हिरदेश्वर महादेव मंदिर में नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**उज्जैन।** लायन्स क्लब उज्जैन महाकाल, युवा मंच सत्संग समिति, अमृत हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, इंगोरिया के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मोतियाबिंद के रोगियों का ऑपरेशन अमृत हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, इंगोरिया के सहयोग से नि:शुल्क होगा।

समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि संयोजक गोपाल बागरवाल, मंच अध्यक्ष मनोहर परमार के संयोजन में आज 21 दिसंबर रविवार को प्रातः 10.30 से दोपहर 1 बजे तक हिरदेश्वर महादेव मंदिर, जीरो पाईंट ब्रिज के पास आयोजित किया जाएगा। शिविर में आँखों से कम दिखाई देना, लाल रहना, जलन, मोतियाबिंद, कांचबिंद नासूर, पानी बहना आदि की नि:शुल्क जाँच एवं परामर्श दिया जाएगा। साथ ही आँखों से संबंधित रोगियों को आवश्यकतानुसार दवाईयां नि:शुल्क प्रदान की जावेगी। दंत परीक्षण एवं बी. पी., शुगर की नि:शुल्क जॉच मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मनु सागर मारोठिया, वी.एस.जी. क्लीनिक सेंटर के सहयोग से बी.पी. एवं शुगर की जाँच नि: शुल्क रहेगी। ऑपरेशन हेतु चयनित मरिजों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। लायन्स क्लब उज्जैन महाकाल के ला. आर.एस. गिल, ला. रवि भण्डारी ला. चन्द्र गुप्ता, ला. प्रदीप सिंह, ला. गुरदीप सैनी, ला. पंकज नीमा, ला. मुकेश दिसावल, ला. सुधीर गुप्ता, ला. आर.पी सिंह, ला. दीपेन्द्र नामदेव, ला. पवन त्रिपाठी, ला. विजय तिवारी, युवा मंच सत्संग समिति से महेश सोनाने उपाध्यक्ष, विजय तिवारी सचिव, पारस जैन सहसचिव, पं. संतोष शर्मा कोषाध्यक्ष, शिवनारायण जागीरदार, ओम अरोरा लीलाधर आडतिया, ओम हरोड, वीरेन्द्र परमार, महिला युवामंच सत्संग समिति गीता रामी संयोजक, पिंकी यादव-अध्यक्ष, सपना आदि ने शहरवासियों से शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने का अनुरोध किया है। जीत मंगलम ने बताया कि हर माह महीने के आखिरी रविवार को हिरदेश्वर महादेव मंदिर में कैंप आयोजित होगा। हर माह यह सारी सुविधाओं के साथ शहर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर अपनी सेवाएं नि:शुल्क देंगे।

### मैं, मेरा परिवार, मेरा समाज और मेरा राष्ट्र स्वस्थ रहे पर हुआ व्याख्यान

**उज्जैन।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय, इंदौर के अंतर्गत आर. एन. कपूर मेमोरियल आयुर्वेदिक हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज द्वारा संस्थान आरोग्य भारती एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली के अंतर्गत अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय की डॉ. दीपिका पाठक कुलगुरु ने की। डॉ राजीव विश्वकर्मा उपकुलपति, संदीप गुप्ता कुलसचिव, डॉ करुणाकर शुक्ला कुलानुशासक के मार्गदर्शन में व्याख्यान संपन्न हुआ। कुलानुशासक डॉ करुणाकर शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं योग को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# श्री अग्रवाल जेसीस उज्जैन के दो दिवसीय षष्टम अखिल भारतीय अग्रवाल वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन का शुभारंभ

## 700 से अधिक इंट्री, विवाह योग्य युवक युवतियों की देश सहित विदेश से भी आई प्रविष्टियां

### पत्रिका परिचय लोक का विमोचन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




बाबा महाकाल की नगरी अवंतिका में श्री अग्रवाल जेसीस उज्जैन द्वारा संयोजक विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में षष्टम अखिल भारतीय अग्रवाल वैवाहिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन शगुन शहनाई गार्डन में किया जा रहा है।

शनिवार को षष्टम दो दिवसीय अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, समाजसेवी राकेश अग्रवाल, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पंचायत न्यास अध्यक्ष निमेष अग्रवाल, ट्रस्टी गोपाल अग्रवाल, जयकिशन अग्रवाल, श्री अग्रवाल जेसीस के संयोजक विजय अग्रवाल, परिचय सम्मेलन अध्यक्ष जगदीश गोयल, अग्रवाल महिला जेसीस अध्यक्ष संध्या अग्रवाल द्वारा पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। शुभारंभ पर महिला जेसीस द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। मंचीय कार्यक्रम के दौरान अतिथि का दुपट्टा एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियो ने पत्रिका परिचय लोक का विमोचन किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में श्री अग्रवाल जेसीस उज्जैन के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। मंचीय कार्यक्रम के बाद अग्रवाल जेसीस उज्जैन द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन का शुभारंभ हो गया। मंच पर अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों ने आकर अपना परिचय दिया एवं अपने जीवनसाथी की खोज को आगे बढ़ाया। श्री अग्रवाल जेसीस उज्जैन के संयोजक विजय अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल एवं टीम की महीनों की मेहनत रही कि देश ही नही विदेशो से भी जिनमे अमेरिका, कनाडा सहित कई देशों से परिचय सम्मेलन में इंट्री प्राप्त हुई। विगत 6 वर्षों से श्री अग्रवाल जेसीस उज्जैन द्वारा परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इनके द्वारा किये गए परिचय सम्मेलन से कई परिवारों में विवाह संबंध स्थापित हुए हैं। वर्ष भर समाजजन श्री अग्रवाल जेसीस उज्जैन के परिचय सम्मेलन का इंतजार बड़े ही उत्सुकता से करते हैं। परिचय सम्मेलन में श्री अग्रवाल जेसीस के संयोजक विजय अग्रवाल, संरक्षक जयकिशन अग्रवाल, स्वागत अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, सचिव मोहित अग्रवाल, अजीत मंगलम, अजय गर्ग, राजेन्द्र मित्तल, आयुष अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल फिल्म, सुनील अग्रवाल, मनोहर गर्ग, तरुण अग्रवाल, कोहिनूर बंसल, प्रतीक बंसल, इंद्रेश अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, शकुन्तला अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

# गुरुद्वारा साहिब माता गुजरीजी में दो दिवसीय शहीदी-पर्व प्रारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



धर्मरक्षक चार साहिबजादे, माता गुजरीजी एवं अनेक सिंघ-सिंघणियों का शहीदी पर्व उज्जैन की समूह साध संगत द्वारा श्रद्धा, उत्साह एवं समर्पण भाव से 20 दिसम्बर से प्रारंभ हुआ। जिसमें अमनदीप सिंघ मंझ साहिबजी, बीबी कौलां वाले एवं सहयोगी द्वारा संगत को गुरुबाणी कीर्तन - कथा द्वारा निहाल किया।

सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि गीता कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब माता गुजरीजी में 20 दिसंबर शनिवार सवेरे अखण्ड पाठ सा. की समाप्ति तथा निशान साहिब की सेवा हुई। शाम को पाठ रहिरास सा. कीर्तन स्थानीय जत्था द्वारा किया गया। वहीं भाई भाई अमनदीप सिंघ मंझ साहिब जी बीवी कौलां वाले द्वारा कीर्तन किया गया। आज 21 दिसंबर रविवार प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक कीर्तन स्थानीय जत्था द्वारा तथा प्रात : 11.30 बजे से 2 बजे तक (कथा-कीर्तन) भाई भाई अमनदीप सिंघ मंझ साहिब जी, बीबी कौलां वाले द्वारा किया जाएगा। कीर्तन की समाप्ति उपरांत) गुरु जी के अतूट लंगर का आयोजन किया जाएगा। गुरुद्वारों के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह चावला, चरणजीत सिंह कालरा, इकबाल सिंह गांधी, जसवंत मक्कड़ ,सरपंच बाबा जी, हाकम सिंह, जोगेन्दर सिंघ डंग एवं पदाधिकारी अन्नू अरोरा, हरपाल चावला, अवतारसिंह अरोरा, अवतारसिंह जूनेजा, बंटी मोंगा, विक्की चावला, कपिल अरोरा, जसबीर कौर चावला, हरजीत कौर अरोरा, शिट्टो अरोरा, बबली चावला ने सभी से शहीदी पर्व में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने की साजिश के विरोध में रैली आज

**उज्जैन।** भाजपा सरकार द्वारा श्रमिकों के अधिकारों और संघीय उत्तरदायित्वों को समाप्त करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने की साजिश के विरुद्ध आज 21 दिसंबर रविवार को उज्जैन में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके तहत विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेश परमार एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में आज सुबह 11.30 बजे शहर कांग्रेस कार्यालय से महात्मा गांधी उद्यान तक रैली निकाली जाएगी। महेश परमार एवं मुकेश भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलना सबसे महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी के नाम और मूल्यों को मिटाने का सुनियोजित राजनीतिक साजिश है।

### औदीच्यजनों ने किया पटेल सत्यनारायण त्रिवेदी का अभिनंदन

**उज्जैन।** अभा औदीच्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर पटेल श्री सत्यनारायण त्रिवेदी का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

अपने सम्मान के प्रत्युत्तर में श्री त्रिवेदी ने औदीच्य समाज के लिए अपना श्रेष्ठतम देने का प्रयास करने के वादे के साथ ही उन्होंने समाज द्वारा अपने प्रति व्यक्त विश्वास के लिए आभार माना। फ्यूचर विजन कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद समाजसेवी बालकृष्ण पंड्या ने करते हुए पटेल सत्यनारायण जी के आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की। मुख्य अतिथि औदीच्य वरिष्ठजन समिति के अध्यक्ष महेश ज्ञानी ने पटेल सत्यनारायण जी की सहजता सरलता और समाज के प्रति अटूट समर्पण की सराहना करते हुए उनकी विजय को समाजहित में बताया। कार्यक्रम में प्रेमचंद सृजन पीठ के नव मनोनीत अध्यक्ष मुकेश जोशी एवं प्रेस क्लब उज्जैन के नवमनोनीत सचिव पं. विजय व्यास को भी सम्मानित किया गया।

# प्रतिकात्मक कार्यक्रम में किया रामधुन एवं हनुमान चालीसा पाठ






### धार्मिक परम्परानुसार पवन पुत्र की आराधना की,विभिन्न समुदाय के श्रद्धालु शामिल हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बागेश्वर घाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री के सानिध्य और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में सर्व सनातनी संस्था और श्री राम बाल कृष्ण सोसाइटी द्वारा हनुमान चालीसा के सामुहिक पाठ का आयोजन किया गया। प्रशासन द्वारा एक दिन पूर्व प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जाने की वजह से आयोजन का दायरा सीमित कर प्रतिकात्मक कार्यक्रम में रामधुन एवं हनुमान चालीसा पाठ किया। विभिन्न समुदाय के श्रद्धालुओं ने धार्मिक परम्परानुसार पवन पुत्र की आराधना की।

उज्जैन के इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड पर सर्व सनातनी संस्था द्वारा आयोजित रामधुन और सवा लाख हनुमान चालीसा के पाठ में करीब 500 लोग शामिल हुए और रामधुन हनुमान चालीसा का पाठ किया। सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ में 1.51 लाख श्रद्धालु शामिल होने वाले थे,लेकिन एक ही दिन पहले शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा जिले में निषेधाज्ञा लागू कर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए गए। ऐसे में प्रशासन के आदेश का सम्मान करते हुए आयोजन को सीमित कर दिया गया। चूंकि आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार हो चुका था और आयोजन की भव्य तैयारी की गई थी। ऐसे में ताबडतोड श्रद्धालुओं को केवल प्रतिकात्मक आयोजन की सूचना दी गई। इसके बाद भी बडी संख्या में श्रद्धालु पहुँच गए। विभिन्न जाति,वर्ग के महिला-पुरूष परंपरागत वेशभूषा में धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। भक्तों ने रामधुन लगाई और फिर हनुमान चालीसा का पाठ किया। संस्था श्री राम बालकृष्ण सोशल वेलफेयर सोसाइटी की कोषाध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी शर्मा व समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में डेढ लाख हनुमान भक्त शामिल होने वाले थे,लेकिन प्रशासन के आदेश का पालन करते हुए कार्यक्रम को सीमित करना पड़ा। इस धार्मिक कार्यक्रम के लिए संस्था श्री राम बालकृष्ण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सभी सदस्यों द्वारा पिछले दो महीने से लगातार तैयारी के साथ-साथ प्रचार प्रसार किया जा रहा था। सिंहस्थ स्थानीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास, विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा अन्य संत- महात्मा, जनप्रतिनिधियों और अतिथियों के सानिध्य में आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ है। इस अवसर पर मुख्य रूप से दिलराज सिंह चावड़ा, जीवन सिंह चावड़ा, आदित्य शर्मा, जितेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, जीत सिंह राजपूत, रोहित सिंह, प्रदीप सिंह, भावना जोशी, पूजा चौहान, रेणुका शर्मा, योगिता मेनन, विद्या शर्मा, मंजू मालवीय, सोनू राठौर, भारती बघेल आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### नारायणा धाम में पंच कुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा 24 दिसंबर से

**महिदपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्री कृष्ण सुदामाजी की मित्रता स्थली ग्राम नारायणा धाम में पंच कुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा 24 दिसंबर से प्रारंभ होगी। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिती परिवार के केशर सिंह पटेल व डॉ मोहन शर्मा ने बताया कि 28 दिसम्बर तक श्री कृष्ण सुदामा नारायणा धाम में श्री गोपाल पंच कुण्डीय महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का मूल पाठ एवं संतो के प्रवचन, यज्ञदर्शन का पवीत्र कार्य होंगे। यज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा कि तैयारियां जोरो पर चल रही हैं। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिती परिवार ने सभी धमार्लुजनों से अनुरोध किया है कि इस पुण्य कार्य में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेवे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 21 दिसंबर को

**महिदपुर।** पंजाबी महिला विकास समिति, महिदपुर के तत्वावधान में जनकल्याण की भावना से नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रविवार, 21 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर का आयोजन गोपाल गोशाला, नारायणा रोड, महिदपुर में किया जाएगा। इस शिविर में उज्जैन के अनुभवी चिकित्सक सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में नाक-कान-गला, दंत रोग, सामान्य चिकित्सा, स्त्री रोग, त्वचा रोग, ब्रेन एवं स्पाइनल सर्जरी सहित विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पंजाबी महिला विकास समिति ने क्षेत्रवासियों से शिविर का लाभ लेने का अनुरोध किया है। शिविर में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों में डॉ. दीपक फुलवानी नाक, कान, गला विशेषज्ञ एवं सर्जन, डॉ. रोशनी फुलवानी मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ. पंकज टांक हर्निया, अपेंडिक्स, पथरी, बवासीर आदि रोगों के सर्जन, डॉ. यशवीर सिंह, डॉ. दीपांशु त्रिवेदी, डॉ. लोकेश रघुवंशी, डॉ. रीना गर्ग, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. पंकज वर्मा ब्रेन एवं स्पाइनल सर्जन तथा डॉ. रीना दुबे कॉस्मेटो एवं ट्राइकोलॉजिस्ट शामिल हैं।

### परमार को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

**आगर मालवा।** शाजापुर देवास लोकसभा क्षैत्र के सांसद महेन्द्र सिंह सौंलकी ने आगर विधानसभा क्षैत्र का भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश परमार को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त होने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा उनके निवास स्थान पर सरोफा बांधकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पुर्व विधायक लालजीराम मालवीय, गोपाल परमार, बाबुलाल यादव, प्रेम यादव, मंडल अध्यक्ष भरत प्रजापत, प्रहलाद सिंह चैहान, सुरेश बैरागी, रवि फरन्ड, रामप्रसाद मेवाडा, विनोद श्रीपाल, कमल अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह चैहान, राजा ठाकुर, गोवर्धन सिंह बगडावत, ईश्वर सिंह तवंर, राजेश गोयल, महेश शर्मा, महिपाल सिंह राठौर आदि उपस्थित थे।

पुलिस चौकी चौराहे से शिव मंदिर तक का सर्वे किया, भू अर्जन की सूची में भी होगा बदलाव

# ओवर ब्रिज डिजाइन बदलने से शासकीय सम्पत्तियां होगी अधिक प्रभावित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शुजालपुर

आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर स्थित रेलवे गेट क्रमांक 79 पर बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज की डिजाइन में वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश उपरांत संशोधन हुआ है। इस संशोधन के चलते ओवर ब्रिज निर्माण के लिए जो सेंट्रल लाइन निर्धारित की गई थी वह 5 मीटर रेलवे सीमा की और शिफ्ट हुई है, जिसका मानचित्र भी विभाग ने जारी करते हुए इस हिस्से में पुनः सर्वे कार्य शुक्रवार को किया गया। इस बदली हुई डिजाइन से जहां निजी सम्पत्तियां कम प्रभावित होगी और शासकीय सम्पत्तियों के क्षेत्र का अधिग्रहण अधिक होगा। नई डिजाइन से फ्रीगंज क्षेत्र में कई मकान व दुकान टूटने से बच जाएगें तो रेलवे फाटक के बाद आधा दर्जन रेलवे क्वाटर के अलावा रेलवे फाटक से मंडी की और बने लोक निर्माण विभाग का कार्यालय, उपयंत्री व एसडीओ लोक निर्माण का शासकीय भवन टूट सकता है। लोक निर्माण सेतु विभाग एसडीओ नेहा गुप्ता के साथ राजस्व विभाग की



गठित टीम व रेलवे के उपयंत्री ने शुक्रवार को लगभग तीन घंटे तक संशोधित हुए प्लान अनुसार सर्वे कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर नप्ती की। इस सर्वे कार्य की रिपोर्ट 5 से 6 दिन में तैयार होकर राजस्व अधिकारियों के माध्यम से लोक निर्माण तक पहुंचेगी। बता दे पूर्व की डिजाइन अनुसार जो सर्वे हुआ था उसमें फ्रीगंज क्षेत्र में लगभग 35 मकान व दुकान ओवर ब्रिज निर्माण सहित सर्विस रोड के दायरे में आए थे, लेकिन संशोधित हुई डिजाइन के बाद फ्रीगंज में 11 से 12 मकान एक से डेढ़ मीटर प्रभावित होने के आसार है, उक्त निजी सम्पत्तियों का भू अर्जन किया जाएगा। सेतु विभाग के अधिकारियों की माने तो ओवर ब्रिज निर्माण का काम एक से डेढ़ माह में शुरू हो सकता है। विभाग ने बोरिंग टेस्ट कर लिया है जिसकी रिपोर्ट जल्द आ जाएगी।

### भू अर्जन सूची में भी होगा बदलाव

राजस्व विभाग द्वारा ओवर ब्रिज निर्माण के लिए आवश्यक भूमि के लिए जो सूची पूर्व में तैयार की थी उसके अनुसार सूचना पत्र जारी कर दिए गए थे। साथ ही 24 दिसम्बर तक दस्तावेज भी मांगे गए थे, लेकिन डिजाइन में जो बदलाव आया है उसके बाद फ्रीगंज क्षेत्र में निजी भूमि कई स्थानों पर दायरे से बाहर होती दिख रही है, जिसके चलते भू अर्जन के लिए एक बार फिर से राजस्व विभाग को सूची तैयार कर संशोधित सूचना पत्र जारी करने होगे। बता दे शहर में बनने वाले ओवर ब्रिज के लिए 23 करोड़ 13 लाख 600 रुपए लागत रखी गई है, जिसमें विद्युत पोल शिफ्टिंग, लाईनों की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य भी शामिल है और इसका निर्माण कायार्देश के बाद 28 माह के अंदर करना होगा। ब्रिज का निर्माण आरसीसी बाक्स विधि से होगा। निर्माण लागत के अलावा भू अर्जन एवं युटिलिटी शिफ्टिंग की राशि भी शामिल कर 50 करोड़ का बजट बनाया गया है। शहर में प्रस्तावित ओवर ब्रिज की चौड़ाई कुल 12 मीटर रखी गई है। जिसमें से 9 मीटर के हिस्से में वाहनों का आवागमन हो सकेगा तथा दोनों और डेढ-डेढ मीटर के फूटपाथ बनाए जाएगें। ओवर ब्रिज निर्माण के साथ ही प्रस्तावित निर्माण में विभाग द्वारा रेलवे गेट से मंडी व सिटी की और सर्विस रोड व पानी निकासी के लिए नाला निर्माण का प्रावधान भी रखा गया है।

### सु-शासन सप्ताह अंतर्गत शिविर का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगर मालवा

सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में शुक्रवार को नगर पालिका आगर द्वारा कार्यालय परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। यह शिविर नगरपालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुशल सिंह डोडवे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में नागरिकों द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किए गए। इनमें जन्म प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, संबल योजना तथा राशन कार्ड में नाम जोड़ने से संबंधित कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 22 एवं 23, विवेकानंद नगर कॉलोनी में ई-नगरपालिका 2.0 के अंतर्गत शिविर आयोजित कर संपत्तिकर, समेकित कर एवं जल उपभोक्ता प्रभार की वसूली की गई।

इस शिविर के माध्यम से कुल 1,05,000/- (एक लाख पांच हजार रुपये) का राजस्व संग्रहण किया गया। शिविर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुशल सिंह डोडवे के साथ संजीव शर्मा, के.के. श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, राकेश सूर्यवंशी, श्री सुनील गवली, संदीप नागर सहित नगरपालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए। 22 दिसम्बर को छावनी झंडा चैक में लगेगा शिविर- सु-शासन सप्ताह के अंतर्गत आगामी शिविर 22 दिसंबर 2025 को छावनी झंडा चैक तथा 25 दिसंबर 2025 को हाटपुरा झंडा चैक पर आयोजित किए जाएंगे।

### सारंगपुर ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्ति अध्यक्ष सोमानी का किया स्वागत

**सारंगपुर।** विगत दिवस कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इसमें सारंगपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के रुप में जनपद सदस्य दुर्गेश सोमानी को जिम्मेदारी दी गई है। गुरुवार को अमीर फ्यूस स्टेशन परिसर में पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद अली के नेतृत्व में नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोमानी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सभी कांग्रेसजनों ने सोमानी को बधाई दी और संगठन में कदम से कदम मिलाकर कार्य करने एवं पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, जिला सचिव निजाम कुरैशी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मोहन पाल, एजाज यादे सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

बांग्लादेश में हिंदुओं की निर्मल हत्या के खिलाफ सरकार को लिखा पत्र

# बांग्लादेश से आयात निर्यात और व्यापारिक संबंध बंद करें

### अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठ और रोहिया मुसलमान को तत्काल देश से निकाले भारत सरकार

### वैदिक सनातन हिंदू धर्म को हथियार उठाने पर मजबूर ना करें बांग्लादेश सरकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पड़ोसी देश बांग्लादेश में जब से शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद जिस प्रकार बांग्लादेश में रह रहे हिंदू धर्म के नागरिकों की जिस प्रकार निर्मल हत्या की जा रही है व महिलाओं के साथ बलात्कार किया जा रहा है। उनकी संपत्तियों पर कब्जा कर रहे। बांग्लादेशी मुसलमान जिस प्रकार का व्यवहार हिंदू धर्म के नागरिकों के साथ कर रहे हैं वह बहुत निंदनीय है। विगत दिनों बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की बर्बरता पूर्वक हत्या कर दी गई। उसके मृत शरीर को निर्वस्त्र कर पेड़ पर लटका कर जलाया गया। संपूर्ण एशिया के अंदर सबसे ज्यादा आबादी मुसलमान की भारत में है लेकिन हमारी सरकार सबका साथ, सबका, विश्वास रखती है लेकिन अब उनको पड़ोसी देश में वैदिक सनातन हिंदू धर्म के नागरिकों की जान की रक्षा के लिए भी सोचना पड़ेगा।

बांग्लादेश में जिस प्रकार हिंदू समाज के ऊपर हो रहे हैं। जानलेवा हमले के विरोध में मप्र युवा शिव सेना गौ रक्षा न्यास के संस्थापक व अध्यक्ष व हिन्दूवादी नेता मनीष सिंह चौहान व राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजकुमार झांझोट, सर्व कल्याण बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली निगम ने भारत के प्रधानमंत्री, भारत के विदेश मंत्री को पत्र लिखकर मांग की कि बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचार पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।

भारत के दूतावास पर लगातार हमले हो रहे हैं हिंदू बहन बेटियों की इज्जत लूटी जाना, हिंदू देवी देवताओं की मूर्ति तोड़ी जा रही है, साधु संत को मारा जा रहा है जेल भेजा जा रहा है। जिससे हिंदू समाज बांग्लादेश में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ, भारत सरकार के हर मामले में दखल देता है। हत्या, लूट, डकैती से हिंदू भावनाओं पर लगातार ठेस पहुंचाया जा रहा है। बांग्लादेश सरकार इस पूरे घटनाक्रम में चुप्पी साधे बैठी है। क्या संयुक्त राष्ट्र संघ चुपचाप रहेगा इस सबके पीछे पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन बांग्लादेश सरकार को अपने इशारों पर चलाना है और हिंदू समाज पर लगातार हत्या कर लूट डकैती करना, बलात्कार, मंदिर तोड़ना, हिंदू समाज पर हमला करना जैसे चीजों को अंजाम दे रहे है। हिंदू संगठन ने भारत सरकार को पत्र लिखकर मांग की है कि आपको बांग्लादेश से हर प्रकार के व्यापारी संबंध खत्म करना चाहिए। भारत में रह रहे हैं लाखों करोड़ों रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमान को तुरंत भारत से बाहर निकलना चाहिए। हिंदू संगठन ने ऐलान किया कि बांग्लादेश के मुसलमान को संज्ञान होना चाहिए अगर भारत के हिंदुओं ने हथियार अपने हाथ में उठा लिया तो बांग्लादेश का नक्शा इस भूमंडल से खत्म हो जाएगा। भारत सरकार जो खाद्यान्न सामान बांग्लादेशियों को भारत से भेज रहा है वह इस राशन को खाकर नमक हरामी कर हमारे हिंदू भाइयों पर हमला कर रहे हैं।

# आप डॉक्टर, इंजीनियर, पायलट, वकील कुछ भी बने सबसे पहले मनुष्य बनें- शंशाक शाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जीवन में सत्य, अहिंसा की राह पर चलते हुए अपने गुरु जनों की, अपने माता-पिता की सेवा करते हुए आगे बढ़ें, आप निश्चित रूप से प्रगति के पद पर अग्रसर रहेंगे।

यह बात गांव सुरजनवासा में शासकीय माध्यमिक विद्यालय में आयोजित स्वेटर वितरण कार्यक्रम में शशांक शाह ने कनाडा से वीडियो कॉलिंग करते हुए बच्चों को संबोधित करते हुए कही। आपने माता-पिता की स्मृति में 100 बच्चों को स्वेटर वितरित



करने में संपूर्ण आर्थिक सहयोग दिया। आपने बताया कि जो बच्चा पढ़ाई में योग्य निकलेगा उसको भी पढाई के लिए आर्थिक सहयोग हम देते रहेंगे। मुख्य अतिथि पर्यावरण विद श्याम माहेश्वरी ने कहा कि शहर हो या गांव निरंतर रूप से पेड़ों की सेवा करें। पेड़ लगाए पेड़ लगाकर उसको हरा भरा करने में विशेष योगदान दें। सप्ताह में एक बार विशेष रूप से पेड़ों के लिए समय निकाले। जिससे पर्यावरण सुधरेगा तो सभी ऋतुए समान रूप से अपना कार्य करेंगी। आचार्य धर्मदेव शास्त्री ने कहा योग, प्राणायाम, ध्यान के लिए भी सरकार को कोशिश करनी चाहिए कक्षाएं लगानी चाहिए। जिससे बच्चों में धैर्य, सहनशीलता के गुण विकसित होंगे।

आर्य समाज के मंत्री जीतेश बतरा ने कहा की ईश्वर इस संसार में सभी मनुष्य को बराबरी का भाव लेकर भेजते हैं। बचपन से ही जात पात, भेदभाव इनसे दूर रहकर बच्चों में यह भावना डालनी चाहिए। ईश्वर की नजर में हर मनुष्य बराबर है। अतिथि परिचय जितेश बत्रा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोज मंडेला ने किया। विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाए उपस्थित रही। आभार प्रधान अध्यापिका सविता बत्रा ने माना।

### उत्कृष्ट विद्यालय में एक्स्ट्रा क्लास के दौरान पढाई अंग्रेजी

**सारंगपुर।** सारंगपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेश विरमाल ने स्कूली छात्रों का लर्निग लेवल जांचने के लिए उत्कृष्ट विद्यालय में चल रही एक्स्ट्रा क्लास का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने चल रही पढ़ाई की स्तर का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जहां शुक्रवार को उन्होंने छात्रों की कॉपियां चैक की और विभिन्ना विषयों से संबंधित बोर्ड पर लिखवाकर जानकारी हासिल की और अनेक प्रकार के प्रश्न भी पूछे गए। उन्होंने बताया कि बच्चों को अंग्रेजी विषय का लर्निग लेवल कम पाया गया। इसके अलावा अन्य विषयों का लर्निग लेवल ठीकठाक मिला। उन्होंने बताया कि कक्षा 10वीं में अंग्रेजी पढाने वाले शिक्षकों को उन्होंने निर्देश जारी किए गए है कि वे अंग्रेजी विषय में सुधार करें।

# सार्थक पोर्टल पर फर्जी उपस्थिति का मामला- चीफ बीएमओ को सीएमएचओ का कारण बताओ नोटिस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुसनेर**

सिविल अस्पताल में सार्थक पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज करने में गंभीर अनियमितताओं को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ दिनेश देहलवार ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को सीएमएचओ द्वारा सिविल अस्पताल सुसनेर के मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी (चीफ बीएमओ) डॉ. राजीव कुमार बरसेना को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि बीएमओ के अधीनस्थ बंधपत्र चिकित्सकों द्वारा शासन के निदेशों की लगातार अवहेलना करते हुए सार्थक पोर्टल पर गृह निवास से तथा अनैतिक तरीके से फोटो/वीडियो के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा रही थी। जबकि वास्तविक रूप से कार्य संपादित नहीं किया जा रहा। इससे प्रदेश एवं जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल हुई है। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया है कि संस्था के रिपोर्टिंग अधिकारी होने के नाते उक्त अनियमितताओं की जवाबदेही बीएमओ की बनती है लेकिन संचालनालय व जिला स्तर से बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद प्रभावी मॉनीटरिंग नहीं की गई जो गंभीर लापरवाही और उदासीनता को दर्शाता है।

नोटिस में यह भी कहा गया है कि उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के नियम-3 का उल्लंघन है और कदाचार की श्रेणी में आता है। बीएमओ को नोटिस प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उक्त नोटिस की प्रतिलिपि आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, संचालक संचालनालय, उप संचालक आईटी, मिशन संचालक एनएचएम, कलेक्टर आगर मालवा सहित वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है।

# सड़क निर्माण की मांग पर ग्रामीणों ने ठोका चुनाव बहिष्कार का ऐलान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सुसनेर**

जिले में प्रस्तावित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत चुनावों से पहले अमरकोट एवं सरदारपुरा क्षेत्र में सड़क समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। वर्षों से लंबित पड़ी ढाई किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर रैली निकाली और रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। इस दौरान ग्रामीणों ने आगामी 29 दिसंबर को होने वाले चुनाव के बहिष्कार का ऐलान करते हुए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को चेताया कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो उनका आंदोलन और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि अमरकोट से सरदारपुरा, त्रिलोकपुर, धतुरिया, मैनपुर और रामपुरिया को जोड़ने वाली यह सड़क क्षेत्र की जीवनरेखा है। लेकिन आजादी के 78 वर्ष बाद भी इसका निर्माण नहीं हो पाया है। इस मार्ग से करीब 3000 की आबादी सीधे तौर पर जुड़ी हुई है,




जिन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में कच्चा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और किसानों को आवागमन में गंभीर दिक्कतें होती हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण को लेकर वे कई बार सांसद, विधायक से लेकर जिला प्रशासन और कलेक्टर तक अपनी गुहार लगा चुके हैं। लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला, जमीन पर कोई काम शुरू नहीं हुआ। इससे ग्रामीणों में गहरा असंतोष व्याप्त है। इसी नाराजगी के चलते अब ग्रामीणों ने लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है। रैली के दौरान ग्रामीणों ने बैनर-पोस्टर हाथों में लेकर गांव की गलियों में भ्रमण किया और एक स्वर में सड़क निर्माण की मांग उठाई। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि बुनियादी सुविधाओं के लिए है। जब तक ढाई किलोमीटर सड़क का ठोस निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता, तब तक उनका यह लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा।

## एआईआईईए के अखिल भारतीय आह्वान पर बीमा कंपनी के कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्यावरा**

भोपाल डिवीजन इन्शुरन्स एम्प्लोयी यूनियन शाखा इकाई ब्यावरा द्वारा जानकारी दी गई कि बीमा क्षेत्र में विदेशी कंपनियों के लिए अनुमति वापस लो एलआईसी कर्मचारियों की सबसे बड़ी यूनियन एआईआईईए के अखिल भारतीय आह्वान पर भोजन अवकाश के दौरान कर्मचारियों अधिकारियों ने बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति का बिल संसद में पेश करने और सौ प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के संयुक्त सचिव राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार स्वदेशी का राज आलापती है और उसकी आड़ में विदेशी कंपनियों को जी भर के आमंत्रित कर रही है बीमा क्षेत्र में विदेशी कंपनियों को 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देना इसी प्रकार कदम है बीमा क्षेत्र के राष्ट्रीयकरण को गहरा आघात पहुंच रहा है अब विदेशी कंपनियां सीधे देश की जनता की गाढ़ी कमाई को विदेश में लूट कर ले जाएंगे सरकार का यह कदम देश घाती है देश की जनता के खिलाफ पॉलिसी धारकों के खिलाफ निर्णय है देशभर की यूनियन बैंक कर्मचारी भी इस प्रकार के निर्णय का विरोध कर रहे हैं हमारा संघर्ष इस विधेयक के वापस होने तक अनवरत रूप से जारी रहेगा भोजन अवकाश के दौरान विदेशी बीमा कंपनियों को अनुमति देना राष्ट्रघाती कदम है 100 प्रतिशत एफडी पॉलिसी धारकों के साथ धोखा है 100 प्रतिशत एफडी बीमा धारकों के साथ धोखा है 100 प्रतिशत एफडीआई की सीमा को तत्काल वापस लो विदेशी कंपनियों को बीमा करने की छूट वापस लो पिछले दरवाजे से देश की संपत्ति को बेचना बंद करो .



## सप्त शक्ति संगम सहित अन्य विषयों पर चर्चा ग्राम भारती की बैठक आयोजित

शुजालपुर। ग्राम भारती शिक्षा समिति कालापीपल एवं शुजालपुर द्वारा अयोजित वृहद प्रधानाचार्य बैठक कनकपुर धाम अरनिया कलां में आयोजित हुई। इस अवसर पर ग्राम भारती शिक्षा समिति पदाधिकारी देवीप्रसाद सोनानिया, कैलाश चौधरी, मनोज पाटीदार, लीलाधर सिंह राजपूत, सुनील सेंधव आदि उपस्थित थे। बैठक में सप्त शक्ति संगम, संसाधन युक्त विद्यालय, सत्र 2026-27 में नवीन प्रवेश की योजना बनाना, वार्षिकोत्सव, कक्षा पंचमी, अष्टमी, दशम वा द्वादश अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए तैयारी, विद्यालय की आर्थिक स्थिति ठीक करना, 23 जनवरी को पथ संचलन की योजना बनाना व पथ संचलन निकालना, आय व्यय प्रतिमाह जिले पर जमा करना, भूमि भवन वा नवीन मान्यता लेना आदि विषयो पर चर्चा हुई। साथ ही देवपुत्र संख्या बढ़ाना वा समर्पण ज्यादा से ज्यादा करवाने को लेकर भी मार्गदर्शन दिया गया। जिला कार्यालय प्रमुख कमलेश शर्मा द्वारा 22 जनवरी गणित मेला करने व उसकी रूपरेखा बनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन नरेश जामलिया ,परिचय रोशन सिंह परमार, स्वागत गिरजा भिलाला, रीना भिलाला, इंदर सिंह परमार ने किया। जानकारी जिला प्रचार प्रमुख रघुनंदन मेवाडा ने दी।

## अनियंत्रित होकर पलटा डंपर, चालक गंभीर रूप से घायल

शाजापुर। डंपर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम सनकोटा गांव के समीप एक तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर सड़क किनारे ढलान पर पलट गया। इस हादसे में डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चालक केबिन में ही फंस गया। डंपर को पलटता देख आसपास मौजूद सनकोटा गांव के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे घायल चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। निजी वाहनों की मदद से घायल को तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया। घायल चालक की पहचान जगदीश गोरसिया निवासी सनकोटा के रूप में हुई है। मवेशी भी आए चपेट में प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंपर जिस स्थान पर पलटा, वहां सड़क किनारे कुछ आवारा मवेशी बैठे हुए थे। डंपर की चपेट में आने से कुछ मवेशियों को भी चोटें आई हैं।

# सेवाधाम आश्रम में द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंस का शुभारंभ

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रथम सम्पूर्ण दिवस चले विचार एवं मंथन में समाजसेवको की विशिष्ठ भूमिका पर चर्चा हुई एवं समाजसेवकों के बिना भारत का नवनिर्माण सम्भव नही

अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में भारतीय शिक्षा मण्डल एवं सामाजिक कार्य विभाग सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में द्वि-दिवसीय द्वितीय इंटरनेशनल सोशल वर्कर्स कांफ्रेंस का देश विदेश से आए अतिथिगणों ने सद्गुरू रणछोड़दासजी महाराज के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र भरत भाई पाटनी और अशोक अवस्थी, सुरेश चव्हाण के अध्यक्ष प्रो. चिंतामणि मालवीय विधायक, राधेश्याम शर्मा गुरूजी ठण्डाई, संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर, आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल, अंकित शाह भू राजनीति विशेषज्ञ, अर्पण भारद्वाज कुलपति सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन, मुकेश पाण्डे कुलपति बुंदेलखण्ड युनिर्वसिटी, सुरेश कुमार जैन कुलपति बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, प्रो. राकेश सिंघई कुलसचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर, प्रो. अजय राणा, महानिदेश ऐमिटी युनिर्वसिटी, ग्रेटर नोइडा, डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी मध्यक्षेत्र संयोजक भारतीय शिक्षण मण्डल, बाला कुमार थंगावेलु निदेशक सीएसआर इण्डिया हेड कोगनिजेंट, जितू भाई पटेल गुज्जु गुरूसंजय राय सचिव महात्मा गांधी हरिजन सेवक संघ, नईदिल्ली, मेहुल संघवी, इन्दौर शुभम पाल सिंह केन्द्रिय भूजल बोर्ड, जलशक्ति मंत्रालय, हैदराबाद, डॉ. देबायन सरकार इंचार्ज ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र सहित प्रतिष्ठित समाजसेवी, शिक्षाविद्, दार्शनिक, चिंतक, शोधार्थी एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने आपने विचार साझा किए। इस अवसर पर समस्त अतिथियों का स्वागत मालवी पगड़ी, केसरिया दुपट्टे एवं महाकाल का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने आश्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी से सामजिक कार्यों में अपने दायित्वों का निर्वाह करने की प्रेरणा दी। सुरेश चव्हाणके ने अपने उद्बोधन में सेवा के इस तीर्थ को अनुपम बताते हुए घोषणा की सुदर्शन चेनल सेवांजलि कार्यक्रम का जल्द ही शुभारंभ करने जा रहा है उसकी पहल अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम से की जावेगी। संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर, दिल्ली ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## नेत्र शिविर में 150 लोगों की जांच कर 57 को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु आनंदपुर भेजा

**नलखेड़ा।** नलखेड़ा के ग्राम गुदरावन में आयोजित 17वा नेत्र शिविर में 150 लोगों की आंखों की जांच कर 57 लोगों का चयन मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु किया गया। जिन्हें बस द्वारा दोपहर 2 बजे आनंदपुर भेजा गया। जहां उनका निशुल्क ठहरना, भोजन, दवाई, लेंस, चश्मा आदि निशुल्क प्रदान किए जाएंगे तथा शनिवार को 10 बजे से 2:00 बजे के बीच ऑपरेशन होगा ऑपरेशन के पश्चात पुनः रविवार को सुबह 8 बजे बस द्वारा गुदरावन पाटीदार धर्मशाला



तक छोड़ा जाएगा तथा दिसंबर एवं जनवरी महीने में सभी मरीजों को ट्रस्ट की ओर से कम्बल भी प्रदान किए जाएंगे। उक्त जानकारी जय नारायण चैधरी ने देते हुए बताया कि 18वां नेत्र शिविर 16 जनवरी 2026 को आयोजित होगा। इसकी सूचना अधिकतम लोगों तक पहुंचाएं और लाभ लेवै उक्त नेतरास आईवियर स्वर्गीय श्रीमती कंचन बाई पति नरसिंह लाल पाटीदार की स्मृति में आयोजित किया गया।

## प्रत्येक माह की अमावस्या पर महावीर सेवा समिति द्वारा किया जाता है सेवा कार्य

**आगर मालवा।** प्रत्येक माह की अमावस्या पर महावीर सेवा समिति द्वारा किया जाता है सेवा कार्य इसी क्रम में इस माह में आने वाली अमावस्या पर स्वर्गीय घनश्याम सोनी की प्रथम पुण्यतिथि पर महावीर सेवा समिति द्वारा दिनांक 19/12/25 शुक्रवार को जिला अस्पताल, निशक्तजनों, वृद्धाआश्रम, असहायजनों व गरीब बस्तियों में जाकर भोजन वितरण किया गया। और इसी क्रम में गो माता को रोटी, गुड,. चापड,. खल, दलिया खिलाया गया व श्वान (कुतो) को रोटी व दूध पिलाया गया। इस पुण्य कार्य के लाभार्थी हिमांशु सोनी (दाऊ) रहे। सभी सहयोगीयों का महावीर सेवा समिति द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



## मार्गों पर कंटीली झाड़ियां, सामने से वाहन न दिखने से हादसों का खतरा, विभाग को देना चाहिए ध्यान

सारंगपुर। सारंगपुर नगर से कांकरिया मीना तक जाने वाली सडक के दोनों ओर बबूल और अन्य कंटीली झाडियां फैल गई हैं। इन झाडियों की कटाई-छंटाई न होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सडकों के किनारे खडी इन झाडियों से बचने के प्रयास में कई वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सारंगपुर से मुख्य बायपास होते हुए कांकरिया मीना तक जाने वाले मार्ग पर बडी-बडी कंटीली झाडियां उग आई हैं। ये सडक के आधे से ज्यादा हिस्से को घेर लेती हैं, जिससे वाहन चालकों को सडक पर वाहन चलाने में कठिनाई होती है। ये बेतरतीब झाडियां दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। इस मार्ग से अन्य पड़े शहर एवं कस्बो के अलावा लगभग एक दर्जन गांव पडते हैं, जिसके कारण पूरे दिन छोटे से लेकर बड़े वाहनों तक का आवागमन रहता है। इनके बीच से अचानक निकलने वाले मवेशी भी दुर्घटना का खतरा बढाते हैं। इसी रास्ते पर अब तक लगभग आधा दर्जन सडक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अभी इस मार्ग का नवीनीकरण भी किया गया है। इसके बावजूद, प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों ने इन झाडियों को कटवाने में कोई रुचि नहीं दिखाई है। स्थानीय निवासी बालू सिंह, सचिन गुर्जर, नितेश परमार और वसीम अंसारी ने बताया कि सडक के दोनों ओर खडी बबूल की झाडियां बेहद खतरनाक हैं। उनके अनुसार, आए दिन इन झाडियों के कारण वाहन आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं।

# डेंटल सर्जन से अभिनेत्री बनीं

# श्रेया शर्मा

मस्ती 4 की एक्ट्रेस बोलीं- कबीर सिंह में मैं कियारा की जगह ज्यादा अच्छा परफॉर्म कर सकती थी

डेंटल सर्जन से अभिनेत्री बनने तक श्रेया शर्मा का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। हरियाणा के एक मेडिकल परिवार से निकलकर उन्होंने अपने सुरक्षित करियर को छोड़ अभिनय के सपने को चुना। बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड के मुंबई आकर श्रेया शर्मा ने संघर्ष, ऑडिशन और अस्वीकृतियों का सामना किया। मेहनत, धैर्य और अपने सपनों पर अटूट विश्वास के बल पर उन्होंने मस्ती 4 जैसी बड़ी फिल्म में अपनी जगह बनाई।

बातचीत में श्रेया ने बताया कि उन्हें अभिनय से सच्चा प्यार है और वह मेहनत के दम पर इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाना चाहती हैं।

**एक डेंटल सर्जन कैसे एक्टर्स बनने का ख्वाब देख लेती है और एक दिन उसे पूरा भी कर लेती है?**

मुझे अच्छे से याद है कि बचपन से ही मैं मेड इन इंडिया गाने पर डांस किया करती थी। मेरे पापा डॉक्टर हैं और मम्मी एक टीचर हैं। हरियाणा में हमारा खुद का हॉस्पिटल भी है। मैं हमेशा से एक्ट्रेस बनना चाहती थी, लेकिन कैसे और किस दिशा में जाना है, ये मुझे पता नहीं था। बोर्ड एग्जाम के बाद मैंने वही रास्ता चुना, जो हमारे घर में परंपरा के तौर पर चला आ रहा है, और मैंने बीडीएस किया। मेरे रिजल्ट में अच्छे मार्क्स आए, जिससे मेरे मां-बाप बहुत खुश थे। लेकिन कन्वोकेशन खत्म होते ही मैंने मुंबई जाने की ठान ली और अपने सपनों को पूरा करने का फैसला किया। एक आउटसाइडर के तौर पर मुंबई में दिक्कतें तो हुईं हीं। अब मुझे मुंबई में आए हुए दो साल हो गए हैं और मैं धीरे-धीरे सब कुछ सीख रही हूं। मैं दिल से एक्टिंग करना चाहती थी और आज वही कर रही हूं।

**कितने ऑडिशन दिए और किसी प्रोजेक्ट को करने से पहले कितनी बार रिजेक्ट हुईं?**

जब मैं पहली बार मुंबई पहुंची, तो सबसे बड़ी दिक्कत ये थी कि आखिर रहूं कहां। घर ढूंढने में ही एक महीना लग गया। फिर तीन महीने बाद मैंने काम की तलाश शुरू की। मेरा मेडिकल बैकग्राउंड था, इसलिए इंडस्ट्री के बारे में उतना आइडिया नहीं था। मैंने एक लिस्ट बना ली थी कि इंडस्ट्री में किन-किन लोगों से मुझे मिलना है। मैंने अपना एक अच्छा-सा पोर्टफोलियो भी तैयार किया, ताकि ये दिखा सकूं कि मैं किस तरह के काम करना चाहती हूं। मैंने काफी सारे वर्कशॉप्स भी किए हैं। मैं एक वुमन आर्मी हूं और इंडस्ट्री में मैंने थोड़ा लेट कदम रखा है, लेकिन मुझे एक्टिंग से प्यार है और वो मुकाम मैं जरूर हासिल करूंगी।



## मस्ती 4 फिल्म कैसे मिली आपको? कितना पापड़ बेलना पड़ा इस फिल्म को हासिल करने के लिए?

मैंने मिस्टर एंड मिसेस ग्रे नाम की एक फिल्म की शूटिंग खत्म की थी। उस फिल्म के बाद मैं एक प्रोड्यूसर के जरिए मिलान मिलाप जावेरी सर से मिली। उस वक्त मस्ती 4 के ऑडिशन चल रहे थे।मैंने अपनी फिल्म के किरदार आंचल नाम की लड़की के लिए ऑडिशन दिया। जब मिलाप सर मुझे उस किरदार के बारे में बता रहे थे कि वो लड़की अपने हसबैंड का फोन चेक करती है, लोकेशन मंगवाती है, तो मैंने उनसे कहा कि सर, मैं तो रियल लाइफ में भी ऐसी ही हूं। ऑडिशन देने के बाद मैंने बहुत लंबा इंतजार किया और डेली कॉल करके पूछा करती थी। मैं किसी भी हाल में ये फिल्म करना चाहती थी, क्योंकि इसी फिल्म से मुझे इंडस्ट्री में ब्रेक मिलता। और कौन नहीं चाहता है आफताब शिवदासानी, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख और अरशद वारसी जैसे एक्टर्स के अपोजिट काम करना, मेरे लिए ये एक बहुत बड़ी ऑपर्च्युनिटी थी।

**मस्ती 4 के सेट पर कितनी मस्ती हुई? कुछ यादें बताइए जिन्हें आप आज भी सोचकर हंस पड़ती हैं।**

विवेक ओबेरॉय सर सबसे बड़े प्रैंकस्टर थे। वो किसी एक से कुछ बोल देते थे, फिर दूसरा आकर पूछता था कि क्या आपने मेरे बारे में ऐसा कहा? हम तीनों लड़कियों ने सेट पर बहुत मस्ती की है। शूट यूके में हुआ था, तो हमने बहुत खाया। जिस दिन हमारा बिकिनी शूट था, उस दिन हम तीनों पिज्जा खा रही थीं।नरगिस माशाअल्लाह बहुत खूबसूरत है। जब मैंने उन्हें बकिंघम में मिलने वाले शॉपिंग ऑफर्स के बारे में बताया, तो वो मास्क लगाकर वहां शॉपिंग करने चली गईं।



**आगे चलकर किसी ऐसे एक्टर के साथ काम करने की ख्वाहिश है?**

मुझे लगता है कि मैं आदित्य रॉय कपूर के साथ अच्छी दिखूंगी। इसके अलावा मैं शाहिद कपूर के साथ भी काम करना चाहती हूं। मुझे लगता है कि कबीर सिंह में मैं कियारा की जगह ज्यादा अच्छा परफॉर्म कर सकती थी, मुझे उस फिल्म में होना चाहिए था। जहां तक डायरेक्टर्स की बात है, तो मैं संजय लीला भंसाली की बहुत बड़ी फैन हूं। मैं उनकी बनाई हुई दुनिया में खो जाना चाहती हूं।

# धुरंधर की वजह से नहीं टली इक्कीस की रिलीज

## अमिताभ ने नाती अगस्त्य की फिल्म की नई डेट की वजह बताई, बोले- शगुन अच्छा है

हाल ही में अगस्त्य नंदा स्टारर फिल्म इक्कीस की रिलीज डेट आगे बढ़ाई गई थी। कहा गया कि मेकर्स ने ऐसा फैसला धुरंधर की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस को देखते हुए लिया है।

अब अमिताभ बच्चन ने नाती अगस्त्य की फिल्म की रिलीज डेट के आगे बढ़ने का कारण बताया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट लिखा है। पोस्ट में वो लिखते हैं- 'टी 5599 - इक्कीस पहले पच्चीस 25 को थी, अब होगी छब्बीस 26 पहली (1) को रिलीज होगी। कुछ ज्योतिष विद्या वाले कहे, भाई, शगुन है अच्छा, चले चलो, बस चले चलो।' ट्वीट के साथ उन्होंने एक फोटो भी लगाई है, जिसमें वो इक्कीस को प्रमोट करते नजर आ रहे हैं। दरअसल, एक्टर हाथ में एक टी शर्ट है, जिस पर इक्कीस लिखा हुआ है। बिग बी इस टीशर्ट को लेकर फैंस सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं।

बता दें कि ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्वीट करके लिखा था कि मेकर्स ने ये फैसला धुरंधर की बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड को देखते हुए लिया है। तरण आदर्श ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर करते हुए एक्स पर लिखा था- ब्रेकिंग न्यूज... दिनेश विजन का समझदारी भरा कदम। इक्कीस की रिलीज डेट बदलकर 1 जनवरी 2026 कर दी गई है। साल 2017 बाहुबली 2 की रिलीज डेट तय होते ही हिंदी मीडियम की डेट को समझदारी से आगे बढ़ा दिया गया था। साल 2024 में छावा ने पुष्पा 2 के साथ सीधे टकराव से बचने के लिए अपनी रिलीज डेट बदलकर 2025 कर दी थी। हिंदी मीडियम और छावा की डेट बदलने से उन्हें फायदा हुआ और आखिरकार दोनों को बिना किसी रुकावट के प्रदर्शन करने का मौका मिला। दिनेश विजन ने तीसरी बार ऐसा कर दिखाया है। इक्कीस, जो मूल रूप से 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होने वाली थी, अब एक हफ्ते बाद 1 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है और इसकी रफ्तार धीमी होने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। साथ ही,हॉलीवुड की फिल्म अवतार इस शुक्रवार यानी कि 19 दिसंबर भारत में बड़े पैमाने पर रिलीज होगी। बता दें कि 'इक्कीस' दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म है। इसमें उन्होंने अगस्त्य नंदा के किरदार के पिता का रोल निभाया है। इस फिल्म के लिए उन्होंने कविता भी लिखी थी, जिसकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है।






# कुमार सानू ने पूर्व पत्नी पर मानहानि का केस किया

तलाक समझौते की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया, 30 लाख रुपए हर्जाना मांगा



मशहूर प्लेबैक सिंगर कुमार सानू ने अपनी पूर्व पत्नी रीता भट्टाचार्य के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। मामले में सानू ने 30 लाख रुपए के हर्जाने की मांग की है। साथ ही, उन इंटरव्यू को हटाने की मांग की है, जिनमें उनके खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

यह केस दोनों के तलाक के करीब 24 साल बाद सामने आया है। कुमार सानू और रीता भट्टाचार्य का तलाक साल 2001 में हुआ था। तलाक की प्रक्रिया बांद्रा फैमिली कोर्ट में पूरी हुई थी। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक, याचिका सानू की ओर से वकील सना रईस खान के जरिए दायर की गई है। इसमें कहा गया है कि रीता भट्टाचार्य ने कुछ एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म्स को इंटरव्यू दिए। इनमें विरल भयानी और फिल्म विंडो जैसे प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इन इंटरव्यू में उन्होंने सिंगर पर गंभीर आरोप लगाए। रीता ने आरोप लगाया था कि प्रेग्नेंसी के दौरान उन्हें खाना नहीं दिया गया। किचन बंद कर दिया जाता था। दूध और इलाज तक से दूर रखा गया। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय कोर्ट की कार्यवाही चल रही थी। इसके अलावा, उन्होंने सानू पर कई अफेयर्स और परिवार की अनदेखी करने के आरोप भी लगाए। ये इंटरव्यू सितंबर 2025 में सोशल मीडिया पर काफी शेयर हुए थे।

## टी-20 वर्ल्डकप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

# सूर्या कप्तान, ईशान की वापसी, शुभमन बाहर

### अगरकर बोले- गिल रन नहीं बना पा रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई




टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। मुंबई के बीसीसीआई हेडक्वार्टर में शनिवार को सचिव देवजीत सैकिया ने चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर और कप्तान सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी में स्क्वॉड की घोषणा की।

टीम में अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है, जबकि शुभमन गिल को टीम से बाहर कर दिया गया है। विकेटकीपर संजू सैमसन को स्क्वॉड में शामिल किया गया। इसके अलावा ईशान किशन और रिंकू सिंह को भी टीम में मौका मिला।

**शुभमन गिल को क्यों नहीं चुना गया-** चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने कहा- गिल इस समय रन नहीं बना पा रहे हैं। हम जानते हैं कि वह कितने अच्छे खिलाड़ी हैं, शायद अभी थोड़े रन कम बना रहे हैं, उन्हें पिछले वर्ल्ड कप में भी मौका नहीं मिला था, यह दुर्भाग्यपूर्ण था। वहीं, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गिल का चयन न होने पर कहा- गिल को खराब फॉर्म की वजह से ड्रॉप नहीं किया गया है। ऐसा टीम कॉम्बिनेशन की वजह से हुआ है, हम टॉप ऑर्डर में एक विकेटकीपर चाहते थे। उनकी काबिलियत पर कोई शक की बात नहीं है, वे एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। टीम को रिंकू सिंह और वॉशिंगटन सुंदर की भी जरूरत थी।

यह टीम वर्ल्ड कप से पहले 21 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 टी-20 मैचों की सीरीज भी खेलेगी। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरूआत 7 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच मैच से होगी। इसी दिन भारत वानखेड़े स्टेडियम में वरअ से अपना पहला मैच खेलेगा। फाइनल 8 मार्च 2026 को खेला जाएगा। इसका वेन्यू बाद में तय होगा।

### टीम सिलेक्शन की खास बातें

भारतीय टीम से 6 प्लेयर्स पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप खेलेंगे। जबकि 9 प्लेयर्स ऐसे हैं, जो टी-20 वर्ल्ड कप खेल चुके हैं। सिलेक्टर्स ने शुभमन गिल को स्क्वॉड में जगह नहीं दी, जो सबसे बड़ा फैसला माना जा रहा है। वे आउट ऑफ फॉर्म हैं। अक्षर पटेल को नया उपकप्तान बनाया गया है। अक्षर पहले भी टी-20 टीम के उप कप्तान रह चुके हैं, लेकिन बड़े टूर्नामेंट में पहली बार उन्हें ये जिम्मेदारी मिली। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी के लिए संजू सैमसन और ईशान किशन दोनों को टीम में शामिल किया गया। रिंकू सिंह की टीम में वापसी हुई, जो मिडिल ऑर्डर और फिनिशर के तौर पर अहम भूमिका निभा सकते हैं।

**गिल 18 पारियों से फिफ्टी नहीं लगा सके-** गिल को जब टीम का उप कप्तान बनाया गया, तब उन्हें प्लेइंग-11 में संजू सैमसन की जगह मौका मिला। हालांकि वे 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके। इस दौरान उन्होंने 135.12 के स्ट्राइक रेट से कुल 377 रन बनाए। वे साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20फस्ट में पैर की चोट के कारण नहीं खेल पाए थे।

### भारत के मैचों का शेड्यूल

भारत अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरूआत 7 फरवरी को मुंबई में यूएसए के खिलाफ करेगा। उसके बाद 12 फरवरी को नामीबिया से दिल्ली, 15 फरवरी को पाकिस्तान से कोलंबो और 18 फरवरी को नीदरलैंड से अहमदाबाद में मैच होंगे।

### टूर्नामेंट में 20 टीमें खेलेंगी

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत को आसान ग्रुप मिला है। टीम को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, यूएसए, नामीबिया और नीदरलैंड के साथ रखा गया है। टीम इंडिया का पाकिस्तान के खिलाफ हालिया रिकॉर्ड भी मजबूत रहा है। भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान को तीन बार हराया है। इसके अलावा वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम ने पाकिस्तान को मात दी थी।

## अंडर-19 एशिया कप फाइनल में भारत-पाकिस्तान मुकाबला आज




### टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को हराया; आरोन जॉर्ज-विहान मल्होत्रा की फिफ्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

भारतीय टीम अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 8 विकेट से हराया। अब रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल खेला जाएगा। सेमीफाइनल मुकाबला दुबई के आईसीसी एकेडमी ग्राउंड पर खेला गया। मैच बारिश के कारण समय पर शुरू नहीं हो सका। बाद में इसे 20-20 ओवर का कर दिया गया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम 8 विकेट पर 138 रन ही बना सकी। चमीका हीनतिगाला ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। भारत की ओर से कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल ने 2-2 विकेट झटके। भारत ने 18 ओवर में दो विकेट खोकर 139 रन बनाकर मैच जीत लिया। विहान मल्होत्रा ने 45 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। आरोन जॉर्ज ने 49 गेंदों पर 58 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से दोनों विकेट रसिथ नीमसरा ने लिए। इस साल 6 बार भारत ने पाकिस्तान को हराया 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच कुल सात मुकाबले खेले गए। अंडर-19 एशिया कप (वनडे) के लीग मैच में भारत ने पाकिस्तान को 90 रन से हराया। इसके बाद मेंस चैंपियंस ट्रॉफी (वनडे) के लीग मुकाबले में भारत ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। एशिया कप (टी20) में दोनों टीमें तीन बार आमने-सामने आईं, जहां ग्रुप स्टेज में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया, सुपर-4 में 6 विकेट से जीत हासिल की और फाइनल में 5 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर ट्रॉफी जीती।

## हरियाणा की महिला शूटर ने रेप का आरोप लगाया

### बोली- सहेली ने पहचान वाले युवक को बुलाया था, भिवानी से फरीदाबाद खेलने आई थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ फरीदाबाद



हरियाणा के फरीदाबाद के एक होटल में महिला शूटर के साथ रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता भिवानी की रहने वाली है, जो अपनी सहेली के साथ फरीदाबाद में शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आई थी।

प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद दोनों घर जाने के लिए चलने लगी। इसी दौरान उसकी सहेली ने अपने एक जानकार से संपर्क किया, ताकि वह उन्हें मेट्रो स्टेशन तक छोड़ सके। आरोप है कि सहेली के जानकार ने रात ज्यादा होने का बहाना बनाते हुए फरीदाबाद में ही रुकने की बात की और दोनों महिला खिलाड़ियों को एक होटल में ले गया।

इसी दौरान सहेली के जानकार का साथी भी वहां पहुंच गया, जिसने पूरे प्लान के तहत महिला खिलाड़ी के साथ रेप किया। रेप के वक्त पीड़िता की सहेली अपनी जानकार के साथ होटल से बाहर घूमने की बात कहकर निकल गई थी।

दोनों के लौटने पर पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर अपनी सहेली और दोनों युवकों को कमरे में बंद किया और स्वयं बाहर निकलकर पुलिस को सूचना दी। फिलहाल, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़िता की सहेली और उसके दोनों जानकार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट भी दर्ज कर ली गई है। होटल स्टाफ से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**फरीदाबाद पहुंची:** पुलिस को दी शिकायत के मुताबिक पीड़िता अपनी एक सहेली के साथ फरीदाबाद पहुंची थी। दोनों ने तिलपत शूटिंग रेंज में चल रही प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद शाम को वापसी की योजना बनाई जा रही थी। इसी दौरान महिला शूटर की सहेली ने अपने जानकार से संपर्क किया, ताकि उन्हें मेट्रो स्टेशन तक छोड़ा जा सके।

**जानकार के बुलावे पर पहुंचे आरोपी:** सहेली के फोन करने के करीब आधे घंटे बाद फरीदाबाद निवासी गौरव अपने दोस्त सतेंद्र के साथ मौके पर पहुंचा। इसके बाद चारों ने यह तय किया कि वे बुधवार की रात फरीदाबाद में ही रुकेंगे और अगले दिन यानी गुरुवार को भिवानी के लिए रवाना होंगे।

**होटल में ठहरने का फैसला:** योजना के अनुसार, बुधवार शाम को चारों ने सराय ख्वाजा इलाके स्थित एक होटल में दो कमरे लिए। इसके बाद एक कमरे में सभी ने साथ बैठकर पार्टी की। प्रारंभ में माहौल सामान्य था और किसी को किसी अनहोनी का अंदेशा नहीं था।

## लायन ने मैक्ग्रा को पीछे छोड़ा



**कमेंट्री बॉक्स में कुर्सी पटकते दिखे पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बॉलर**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेला जा रहा है। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने मजबूत पकड़ बना ली है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक कंगारू टीम इंग्लैंड से 158 रन आगे है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लायन ने अब तक दो विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने ग्लेन मैक्ग्रा को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने आज 326/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और पहली पारी में 371 रन पर ऑलआउट हो गई। वहीं, दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 8 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाए हैं। बेन स्टोक्स (45) और जोफ्रा आर्चर (30) नाबाद लौटे। लायन सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलिया लायन ने ओली पोप को आउट करके मैक्ग्रा के 563 विकेट की बराबरी की और फिर उसी ओवर में बेन डकेट को बोल्ड कर-के 564 विकेट पूरे कर लिए।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

इंडिगो एयरलाइन की

## 900 करोड़ रुपये की ड्यूटी वापसी याचिका पर हाईकोर्ट का नोटिस




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने इंडिगो एयरलाइन की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन की याचिका पर कस्टम विभाग से जवाब मांगा है। कंपनी ने विदेश में मरम्मत के बाद भारत लौटाए गए विमान इंजनों और पुर्जों पर अदा की गई 900 करोड़ रुपये से अधिक की कस्टम ड्यूटी की वापसी की मांग की है। आइए विस्तार से जानते हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने इंडिगो एयरलाइन का संचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन की याचिका पर कस्टम विभाग को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने को कहा है। याचिका में विदेश में मरम्मत के बाद भारत लौटाए गए विमान इंजनों और उनके पुर्जों पर अदा की गई 900 करोड़ रुपये से ज्यादा की कस्टम ड्यूटी वापस करने की मांग की गई है। अदालत ने विभाग को दो सप्ताह के भीतर जवाबी हल्फनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल 2026 को होगी। न्यायमूर्ति वी कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति विनोद कुमार की पीठ के समक्ष कंपनी ने तर्क दिया कि ऐसे मामलों में कस्टम ड्यूटी लगाना संविधान के खिलाफ है और एक ही लेनदेन पर दो बार कर वसूलने के समान है। इंटरग्लोब के अनुसार, विमान इंजनों और पार्ट्स की मरम्मत एक सेवा है, जिस पर वह पहले ही रिवर्स चार्ज के तहत जीएसटी चुका चुकी है। कंपनी ने बताया कि दोबारा आयात के समय उसने बिना किसी विवाद के बेसिक कस्टम ड्यूटी का भुगतान किया था, लेकिन बाद में कस्टम अधिकारियों ने उसी लेनदेन को वस्तुओं के आयात के रूप में मानते हुए फिर से ड्यूटी लगाने की मांग की। इंटरग्लोब का कहना है कि इस मुद्दे पर पहले ही कस्टम्स ट्रिब्यूनल का फैसला आ चुका है, जिसमें साफ कहा गया था कि मरम्मत के बाद दोबारा आयात पर कस्टम ड्यूटी नहीं लगाई जा सकती।

ईवी और सुरक्षा पर असर की चेतावनी, छोटे पेट्रोल वाहनों को

# कैफे छूट का टाटा मोटर्स ने किया विरोध






ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने छोटी पेट्रोल गाड़ियों को कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी नियमों से छूट देने के प्रस्ताव का विरोध किया है।

ईंधन दक्षता से जुड़े कॉर्पोरेट एवरेज फ्यूल एफिशिएंसी (कैफे) मानकों में छोटे पेट्रोल वाहनों को छूट देने के प्रस्ताव पर टाटा मोटर्स ने कड़ा रुख अपनाया है। कंपनी का कहना है कि इस तरह की रियायतें टिकाऊ तकनीकों पर फोकस को कमजोर कर सकती हैं। और देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने की कोशिशों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, टाटा मोटर्स ने इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर अपनी चिंताएं दर्ज कराई हैं।

**छोटे पेट्रोल वाहनों को राहत से ईवी अपनाने पर असर का तर्क-** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई स्थित वाहन निमार्ता ने पीएमओ में शक्तिकांत दास को लिखे अपने पत्र में कहा है कि 909 किलोग्राम तक वजन, 1200 सीसी तक इंजन क्षमता और 4,000 मिमी तक लंबाई वाले पेट्रोल वाहनों को कैफे मानकों से छूट देना भारत में स्वच्छ और टिकाऊ तकनीकों को अपनाने की रफ्तार को धीमा कर सकता है। कंपनी के मुताबिक, इस तरह की छूट से उन प्रयासों को झटका लगेगा, जो भविष्य की तकनीकों में छलांग लगाने के लिए किए जा रहे हैं।

### ईवी बिक्री में बढ़ोतरी का हवाला, नियमों में ढील पर चेतावनी

टाटा मोटर्स ने यह भी रेखांकित किया कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर किए गए प्रयास अब नतीजे दिखाने लगे हैं। और यात्री वाहनों की कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी करीब 5 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। कंपनी का मानना है कि इस अहम मोड़ पर अगर कैफे मानकों में ढील दी गई, तो ईवी अपनाने की मौजूदा गति कमजोर पड़ सकती है और नीति की दिशा को लेकर भ्रम पैदा हो सकता है।

### वाहन सुरक्षा को लेकर भी जताई गंभीर चिंता

ईंधन दक्षता के साथ-साथ टाटा मोटर्स ने सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर भी सवाल उठाए हैं। कंपनी का कहना है कि अगर वजन के आधार पर छूट दी जाती है, तो इससे वाहन निमार्ता जरूरी सुरक्षा फीचर्स को हटाकर वजन कम करने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। ऐसा होने पर पिछले कुछ वर्षों में वाहन सुरक्षा के क्षेत्र में हासिल की गई प्रगति को नुकसान पहुंचने का खतरा है।

### विशेष श्रेणी बनाने के खिलाफ सरकार से अपील

कंपनी ने सरकार से आग्रह किया है कि कैफे मानकों में रियायत देने के लिए आकार या वजन के आधार पर वाहनों की कोई अलग श्रेणी न बनाई जाए। टाटा मोटर्स के अनुसार, ऐसा कदम शून्य-उत्सर्जन तकनीकों की दिशा में बढ़ते कदमों, सड़क सुरक्षा और सभी वाहन निमार्ताओं के लिए समान प्रतिस्पर्धी माहौल के विपरीत होगा।

**ड्राफ्ट कैफे नियमों की पृष्ठभूमि-** टाटा मोटर्स की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है, जब सरकार ने अप्रैल 2027 से मार्च 2032 की अवधि के लिए ड्राफ्ट कैफे नियम जारी किए हैं। इस प्रस्तावित ढांचे के तहत वाहन निमार्ताओं के लिए फ्लीट स्तर पर ईंधन दक्षता और कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य और सख्त किए गए हैं, हालांकि छोटे पेट्रोल वाहनों के लिए कुछ राहत उपाय भी सुझाए गए हैं।

**नीति की स्थिरता से भारत बन सकता है ईवी लीडर-** कंपनी ने दोहराया कि कैफे मानकों का मूल उद्देश्य वाहन निमार्ताओं को अपने पूरे पोर्टफोलियो में टिकाऊ तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। किसी एक उप-श्रेणी को छूट देने से इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी तकनीकों में निवेश का प्रोत्साहन कम हो सकता है। टाटा मोटर्स का मानना है कि यदि नीति में स्थिरता बनी रही और फोकस बरकरार रखा गया, तो आने वाले वर्षों में भारत शून्य-उत्सर्जन वाहनों के निर्माण और उपयोग में अग्रणी देशों में शामिल हो सकता है।

कोटक महिंद्रा बैंक पर कार्रवाई क्यों?

## आरबीआई ने लगाया 62 लाख रुपये का जुर्माना




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक पर कार्रवाई की है। बैंकिंग नियामक ने नियमों की अनदेखी के लिए बैंक पर 62 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आइए इस बारे में सबकुछ जानते हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों को नहीं मानने के आरोप में कोटक महिंद्रा बैंक पर कार्रवाई की है। बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) खाते, बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स और क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों से से जुड़े मानदंडों का पालन न करने के लिए बैंक पर 61.95 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि यह जुमार्ना 11 दिसंबर 2025 के एक आदेश में लगाया गया।

आरबीआई के अनुसार, यह जुर्माना आरबीआई की ओर से जारी 'बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच- बुनियादी बचत बैंक जमा खाता' और 'बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स (बीसी) की ओर से की जाने वाली गतिविधियों के दायरे' से जुड़े निदेर्शों का अनुपालन न करने के लिए लगाया गया है। नियामक ने बताया है कि यह कार्रवाई क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 (सीआईसी नियम) के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए हुई है।

आरबीआई ने कहा कि बैंक की 31 मार्च 2024 की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में बैंक का वैधानिक निरीक्षण पर्यवेक्षी मूल्यांकन (आईएसई 2024) किया गया था। जांच के दौरान, आरबीआई ने पाया कि बैंक ने कुछ ऐसे ग्राहकों के नाम पर एक और बीएसबीडी खाता खोला था जिनके पास पहले से ही बैंक में ऐसे खाते थे।

45 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य सृजन का मौका; रोजगार में भी होगी बढ़ोतरी

# एआई से बदलेगा एमएसएमई का भविष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

फिक्की और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, एमएसएमई क्षेत्र में एआई अपनाने से 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित हो सकता है। हालांकि भारत एआई बाजार में तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन नवाचार, निवेश और पेटेंट के मामले में अभी खामियां हैं।

देश के सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम यानी एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। अब इसी क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई बड़ा बदलाव लाने जा रहा है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, अगर एमएसएमई क्षेत्र एआई को सही तरीके से अपनाता है, तो इससे 500 अरब डॉलर यानी करीब 45.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित हो सकता है। यह बदलाव उत्पादन, लागत और रोजगार तीनों स्तर पर असर डालेगा।

फिक्की और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट इंडिया ट्रिपल एआई इम्पेरेटिवः सक्सीडिंग विद एआई इन इंडिया में बताया गया है कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एआई बाजारों में शामिल है। इसके बावजूद गहन नवाचार और वास्तविक लाभ हासिल करने में देश अभी पीछे है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एमएसएमई क्षेत्र में एआई अपनाने से उत्पादकता बढ़ेगी, लागत घटेगी और कर्ज तक पहुंच आसान होगी।




**अपनाओ नहीं, अब आविष्कार करो-** रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि अब भारत को पहले अपनाओ की सोच से बाहर निकलकर पहले आविष्कार करो की मानसिकता अपनानी होगी। डिजिटल बुनियादी ढांचे की कमी, एआई को लेकर जागरूकता का अभाव और कुशल मानव संसाधन तक सीमित पहुंच अभी भी बड़ी बाधाएं हैं। इन्हें दूर किए बिना एआई से पूरा लाभ नहीं लिया जा सकता।

**रोजगार और उत्पादकता दोनों को बढ़ावा-** रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 2026 तक 70 से 80 फीसदी नियमित कार्य और 30 से 50 फीसदी तर्क-आधारित कार्य एआई के जरिये हो सकेंगे। फिक्की की महानिदेशक ज्योति विज ने कहा कि एआई अपनाने से न केवल उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि गुणवत्तापूर्ण रोजगार भी पैदा होंगे। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के निपुण कालरा ने कहा कि एआई-प्रथम सोच से नवाचार को नई दिशा मिलेगी।

### एआई तैयारियों में आगे, पेटेंट में पीछे

रिपोर्ट के अनुसार, एआई के लिए तैयारियों के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष चार देशों में है। इसके बावजूद वैश्विक एआई पेटेंट में भारत की हिस्सेदारी एक फीसदी से भी कम है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि छोटी समस्याओं के समाधान तक सीमित रहने के बजाय एआई-प्रथम व्यवसाय मॉडल विकसित करने पर जोर देना होगा।

### निवेश कम उम्मीदें ज्यादा

रिपोर्ट में बताया गया है कि करीब 44 फीसदी अधिकारी अपने प्रौद्योगिकी बजट का 10 फीसदी से भी कम हिस्सा एआई में निवेश करते हैं। यही वजह है कि केवल 25 फीसदी कंपनियां ही एआई से वास्तविक मूल्य हासिल कर पा रही हैं। आम तौर पर कंपनियां एआई का इस्तेमाल छोटे सुधारों तक सीमित रखती हैं, जबकि इसकी असली ताकत बड़े बदलाव में है।

जूट मिल मालिकों ने

# बांग्लादेश को बीज निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारतीय जूट मिल्स एसोसिएशन (आईजेएमए) ने वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह को एक पत्र लिखकर बांग्लादेश को बीज निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्हें क्या परेशानी है, आइए विस्तार से जानें।

मिल मालिकों के एक संघ ने केंद्र से बांग्लादेश को जूट के बीजों के निर्यात पर तत्काल प्रतिबंध लगाने और इस रेशे से बने सामानों के आयात को विनियमित करने की अपील की है। उन्होंने पड़ोसी देश की ओर से कच्चे जूट के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण घरेलू उद्योग में गहराते संकट का हवाला दिया है। भारतीय जूट मिल्स एसोसिएशन (आईजेएमए) ने गुरुवार को वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि बांग्लादेश की ओर से 8 सितंबर से कच्चे जूट के निर्यात पर एकतरफा प्रतिबंध लगाने के फैसले से भारत में कच्चे माल की भारी कमी हो गई है, इससे घरेलू बाजार में कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है।

एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि कच्चे माल की कमी और बढ़ती कीमतों ने भारतीय जूट मिलों को गंभीर वित्तीय संकट में डाल दिया है। इससे जूट मूल्य श्रृंखला की स्थिरता और इस क्षेत्र में लाखों श्रमिकों की आजीविका खतरे में पड़ गई है। द्विपक्षीय व्यापार की असमान स्थिति पर चिंता जताते हुए, आईजेएमए ने कहा कि जहां बांग्लादेश ने भारतीय मिलों को कच्चे जूट की आपूर्ति रोक दी है। पड़ोसी देश उच्च उपज वाली किस्म (एचवाईवी) के जूट के बीजों के लिए लगभग पूरी तरह से भारत पर निर्भर है।

आईजेएमए ने कहा कि भारत से निर्यात किए गए बीजों का इस्तेमाल बांग्लादेश में जूट के सामान बनाने में किया जाता है, इन्हें बाद में कम कीमतों पर भारत को निर्यात किया जाता है और इससे घरेलू निमार्ताओं को नुकसान होता है। मिलर्स एसोसिएशन ने कहा कि भारत से उच्च गुणवत्ता वाली जूट के बीजों के निरंतर निर्यात ने भारतीय किसानों के लिए इसकी उपलब्धता को भी कम कर दिया है और भविष्य में घरेलू उत्पादन पर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

## डिगो 26 दिसंबर को यात्रियों को मुआवजा देगी, 10 हजार रुपए के वॉउचर के रूप में पेमेंट होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एयरलाइन कंपनी इंडिगो 26 दिसंबर से उन यात्रियों को मुआवजा देगी, जो इस महीने की शुरूआत में एयरपोर्ट पर फंसे थे। मुआवजा 10 हजार रुपए के वाउचर के रूप में दिया जाएगा। पहले चरण में उन यात्रियों को भुगतान किया जाएगा, जिन्होंने इंडिगो की वेबसाइट से सीधे टिकट बुक किए थे।

1 से 9 दिसंबर के बीच इंडिगो ने 4,354 उड़ानें रद्द की थीं। प्रति उड़ान औसतन 150 यात्रियों के हिसाब से करीब 3.8 लाख यात्रियों को वाउचर मिल सकता है। इससे कंपनी पर कुल खर्च 376 करोड़ रुपए से अधिक हो सकता है।

## केरल में चोरी के शक में छत्तीसगढ़ के मजदूर की पीट-पीटकर हत्या

केरल के पलक्कड़ जिले में चोरी के शक में एक मजदूर की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित राम नारायण छत्तीसगढ़ का रहने वाला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उसके पूरे शरीर पर गंभीर चोटें पाई गईं। पुलिस को उसके पास कोई चोरी का सामान नहीं मिला। पूछताछ में पता चला कि वह नौकरी की तलाश में केरल आया था। पुलिस ने पहले 10 लोगों को हिरासत में लिया, लेकिन पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

## मुंबई में घर से काला जादू दूर करने के नाम पर महिला से 10 लाख के गहने ठगे

मुंबई में एक व्यक्ति के खिलाफ महिला के घर पर काला जादू का असर दूर करने की पूजा कराने के बहाने 10 लाख रुपए के गहने चुराने का मामला दर्ज किया गया है। विले पार्ले पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान रामचंद्र सुतार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से कहा कि उसके परिवार पर काला जादू किया गया है और वह पूजा-पाठ के जरिए इसे खत्म कर सकता है। अक्टूबर में वह महिला के घर गया और पूजा के नाम पर बड़ी रकम ली। बाद में दोबारा आने पर उसने महिला से अपने सभी सोने के गहने एक स्टील के डिब्बे में रखने को कहा।

### जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा

# अरुणाचल में जासूसी नेटवर्क और बॉर्डर गतिविधियों से एजेंसियां सतर्क पाकिस्तान से जुड़े नेटवर्क का खुलासा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने पिछले दस दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इसी बीच, स्थानीय लोगों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) के पास चीनी सेना की मौजूदगी और संभावित घुसपैठ की जानकारी दी है।


पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों और अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे। शुरूआती जांच में इस नेटवर्क के चीन से जुड़े होने के संकेत भी मिले हैं। सुरक्षा विशेषज्ञ इसे ह्यहाइब्रिड वॉरह्न की रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं, जिसमें जासूसी, घुसपैठ और सैन्य दबाव को एक साथ इस्तेमाल किया जाता है।

राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने कहा है कि जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

थानीय लोगों का दावा है कि सितंबर 2024 से चीनी सेना ने अंजाव जिले के कपापु क्षेत्र में करीब 60 किमी अंदर तक कैंप बनाए हैं। उनका कहना है कि हालात 2022 जैसे हैं। हालांकि, सरकार की ओर से इसे ह्यओवरलैपिंग पेट्रोलिंगह्न बताया जा रहा है।

इसी दौरान तिब्बत के ल्हुंजे एयरबेस पर चीन की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। यहां मैकमोहन लाइन से करीब 40 किमी दूर 36 हार्डेंड एयरक्राफ्ट शेल्टर्स बनाए जाने और स्टेल्थ जेट्स की तैनाती की जानकारी सामने आई है। जांच एजेंसियों के मुताबिक पकड़े गए संदिग्ध स्थानीय मुस्लिम समुदायों में घुल-मिलकर स्लीपर सेल विकसित करने की कोशिश कर रहे थे। कुछ



मैप प्रतीकात्मक है।

बांग्लादेशी युवकों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है।

वेस्ट सियांग के एसपी का कहना है कि यह मामला असम और अरुणाचल से जुड़े एक बड़े जासूसी मॉड्यूल का हिस्सा हो सकता है। एजेंसियां इसे ऐसी रणनीति से जोड़कर देख रही हैं, जिसमें पाकिस्तान प्रॉक्सी की भूमिका निभा सकता है। 11 दिसंबर को ईटानगर से जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के नजीर अहमद मलिक और सबीर अहमद मीर को गिरफ्तार किया गया। दोनों कंबल विक्रेता बनकर घूम रहे थे और एन्क्रिप्टेड टेलीग्राम चैनलों के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे। जांच के मुताबिक, उन्हें अवैध घुसपैठ में मदद और हथियार तस्करी के लिए कूरियर बनने के निर्देश मिले थे।

13 दिसंबर को कश्मीर के दो अन्य युवक भी पकड़े गए। जांच में नेटवर्क के असम तक फैले होने के संकेत मिले हैं। तेजपुर से वायुसेना के एक रिटायर्ड अधिकारी कुलेंद्र शर्मा की गिरफ्तारी को भी इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है। जांच एजेंसियों का कहना है कि आरोपी एन्क्रिप्टेड टेलीग्राम चैनलों के जरिए सीमा पार सूचनाएं साझा कर रहे थे। रक्षा विशेषज्ञ 1999 के करगिल युद्ध का हवाला देते हुए पूर्वोत्तर में संभावित ह्यटू-फ्रंटह्न दबाव की आशंका जता रहे हैं। उनके मुताबिक, भारत ने लद्दाख, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में करीब 1.20 लाख सैनिक तैनात किए हैं। इसके बावजूद जासूसी नेटवर्क का फैलाव सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चुनौती माना जा रहा है।

## जम्मू-कश्मीर के रतले हाइड्रो प्रोजेक्ट पर खतरा:29 मजदूरों के टेरर लिंक मिले

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर बन रहे रतले हाइड्रो प्रोजेक्ट पर खतरा मंडरा रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक प्रोजेक्ट में काम कर रहे 29 मजदूरों के टेरर लिंक मिले हैं। ये कर्मचारी देश विरोधी और क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल थे। पुलिस ने कंपनी से इन कर्मचारियों को काम पर रखने के फैसले पर फिर से विचार करने को कहा है। ऐसे लोग प्रोजेक्ट की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। कंपनी को ऐसे मजदूरों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। 850 मेगावॉट क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट नेशनल हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ठऌढउछ) और जम्मू-कश्मीर सरकार का जॉइंट वेंचर है। जिसकी अनुमानित लागत 3700 करोड़ रुपये है। कंस्ट्रक्शन का काम मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (टएक्छ) को दिया गया है। पूरा मामला 1 नवंबर का है जानकारी अब सामने आई है। दरअसल पुलिस ने प्रोजेक्ट में काम कर रहे मजदूरों का वेरिफिकेशन किया था। जिसमें यह बात सामने आई कि प्रोजेक्ट में काम करे 29 मजदूरों में से 5 मजदूर एक्टिव या सरेंडर आतंकियों के रिश्तेदार हैं। एक कर्मचारी के चाचा हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकी मोहम्मद अमीन है। यह आतंकी प्रोजेक्ट में काम कर रहे दो अन्य मजदूरों का भाई भी है।

वहीं एक अन्य कर्मचारी के पिता पहले आतंकी रह चुके हैं हालांकि वो सरेंडर कर चुके हैं। जबकि एक मजदूर के पिता की पहचान ओवर ग्राउंड वर्कर के रूप में दर्ज है। बाकी 24 कर्मचारियों के खिलाफ क्रिमिनल रिकॉर्ड मिला है। तब किश्तवाड़ के ररढ नरेश सिंह ने मेघा इंजीनियरिंग के मैनेजर को लेटर लिखकर चिंता जताई थी। पत्र में लिखा गया कि हाइड्रो प्रोजेक्ट नेशनल सिक्योरिटी के लिहाज से अहम होते हैं और दुश्मन देशों के निशाने पर रहते हैं। ऐसे में कंपनी को संदिग्ध मजदूरों की नियुक्ति पर दोबारा विचार करना

### जम्मू-कश्मीर में 40 दिन का चिल्लई कलां आज से शुरू; दिल्ली में 129 उड़ानें रद्द

# यूपी, बिहार-झारखंड में कोल्ड डे,18 राज्यों में कोहरे का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने रविवार को उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में कोल्ड डे का अलर्ट जारी है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश,यूपी, छत्तीसगढ़ समेत देश के 18 राज्यों में घने कोहरे के अलर्ट है।

यूपी के कई शहरों में सुबह के वक्त विजिविलिटी 50मीटर से कम रह रही है। मौसम विभाग के मुताबिक 21 दिसंबर से जम्मू-कश्मीर में तेज सर्दी का 40 दिन दौर, जिसे चिल्लई कलां कहा जाता है शुरू हो रहा है। इस दौरान तेज बर्फबारी होती है और मिनिमम टेम्परेचर लगातार गिरता है।



जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में बारिश-बर्फबारी की संभावना है। हिमाचल के लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में शनिवार को मिनिमम टेम्परेचर -5.7त्उ रहा। राजस्थान में भी तेज सर्दी जारी है। सीकर में मिनिमम टेम्परेचर 5.4त्उ रहा।

मध्यप्रदेश में भीषण सर्दी के साथ घना कोहरा भी छा रहा है। इसके चलते भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में 20 से ज्यादा ट्रेनें हर रोज 30 मिनट से 5 घंटे तक लेट हो रही है। वहीं, भोपाल और इंदौर से फ्लाइट भी डिले हैं। रीवा में विजिबिलिटी इतनी है कि सुबह के समय 50 मीटर के बाद कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा है। रविवार को भी ग्वालियर समेत प्रदेश के 18 शहरों में कोहरा है। इससे पहले शनिवार को शहडोल के कल्याणपुर में पारा रिकॉर्ड 2.8 डिग्री पर पहुंच गया। एमपी में इस सीजन पहली बार पारा इतना नीचे पहुंचा है।

मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार सुबह ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, शहडोल, उमरिया और कटनी में कोहरे का असर है। भोपाल, शाजापुर, देवास, सीहोर, रायसेन, विदिशा में मध्यम कोहरा है। यहां विजिबिलिटी 2 से 4 किलोमीटर तक है। कोहरे की वजह से दिल्ली की ओर से आने वाली ट्रेनों पर सबसे ज्यादा असर है। दरअसल, उत्तरी राज्यों में भी कोहरा छा रहा है। इस वजह से वहां से एमपी के इंदौर, भोपाल, ग्वालियर-उज्जैन की ओर आने वाली ट्रेनें अपने समय पर नहीं आ रही है।

मालवा, झेलम, शताब्दी, सचखंड, पंजाब मेल जैसी कई ट्रेनें तय समय से 8 घंटा तक लेट आ रही है। 16 दिसंबर से कोहरे का असर फ्लाइट और ट्रेनों पर दिखना शुरू हुआ था। इस वजह से जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। भोपाल में मालवा एक्सप्रेस के पहुंचने का समय सुबह 7.25 बजे निर्धारित है, जो शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे आई थी। इस कारण यह ट्रेन उज्जैन में शाम 5 बजे और इंदौर में 7 बजे पहुंची, जबकि आखिरी स्टेशन इंदौर में इसका तय समय दोपहर 1.35 बजे का है।

## मौसम विभाग ने कोहरे की एडवाइजरी जारी की

लगातार कोहरे की स्थिति बनने से मौसम विभाग ने भी ट्रैवल, कृषि और स्वास्थ्य को लेकर एडवाइजरी जारी की है। इनमें से सबसे ज्यादा फोकस ट्रैवल को लेकर है। मौसम विभाग ने लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग करने की सलाह दी है। कहा है कि कम विजिबिलिटी की वजह से अनावश्यक यात्रा से बचें। जरूरी हो तो कार का फॉग लैंप और बीम हेडलाइट का उपयोग करें। ड्राइविंग धीरे करें। हेल्थ- तेज ठंड होने पर शरीर की गर्माहट बनाए रखने के लिए सिर, गर्दन, हाथ-पैर की उंगलियों को अच्छे से ढंके। फ्लू, सर्दी, खांसी-जुकाम होने पर डॉक्टर को दिखाए। विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री गम्मु पटेल पिता इस्माईल पटेल निवासी मुंडला नायता, इन्दौर ने विक्रेतागण श्री श्यामसुन्दर पिता भेरूसिंहजी कुलमी निवासी ग्राम सामगी तह. तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्र. 223 रकबा 0.90 हैक्टेयर, श्री भेरूसिंह पिता औंकारसिंहजी कुलमी निवासी ग्राम सामगी तह. तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्र. 234 रकबा 1.92 हैक्टेयर, श्री मयंक पिता नरेशकुमारजी कुलमी निवासी ग्राम सामगी तह. तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्र. 243 रकबा 1.32 हैक्टेयर, कुल सर्वे नंबर 3 कुल रकबा 4.14 हैक्टेयर समस्त भूमि स्थित ग्राम सामगी प.ह.न. 31 तह. तराना जिला उज्जैन को क्रय करने का अनुबंध कर कृषि भूमि की कीमत पेटे बयाना राशि उपरोक्त विक्रेतागण को अदा कर दी है तथा शेष निर्धारित विक्रय मूल्य की राशि अदा की जाकर उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रयपत्र संपादित कराया जाना शेष है एवं भूमि का कब्जा प्राप्त किया जाना शेष है। यदि उपरोक्त वर्णित भूमि से संबंधित किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्ध-शासकीय संस्था, विभाग, बैंक, वित्तीय संस्था, कार्यालय आदि का कोई ऋण भार, हित, अधिकार, स्वत्व, आधिपत्य हो या उक्त संव्यवहार के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह मेरे समक्ष मेरे कार्यालय में, कार्यालयीन समय में इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 8 दिवस के अन्दर उपरोक्त भूमि से संबंधित समस्त असल दस्तावेज लेकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा बाद अवधि गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त क्रय की गई भूमि का विक्रयपत्र का पंजीयन करा लेवेगें बाद अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 20.12.2025

**गोपालकृष्ण बाहेती, (अभिभाषक)**
**ऑफिस 'मण्डोवरा चेम्बर'**
**न्यायालय परिसर के पास, गांधीमार्ग,**
**तराना जिला-उज्जैन**
**मो. नं. 9893190571**

## भारत विरोधी बांग्लादेशी नेता के जनाजे में लाखों लोग पहुंचे

# हम शोक मनाने नहीं आए, सरकार 24 घंटे में जवाब दे



**ब्रह्मास्त्र ›› ढाका**

भारत और शेख हसीना के विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी के जनाजे में शनिवार को लाखों लोग शामिल हुए। हादी को बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। इससे पहले दोपहर 2:30 बजे संसद भवन के साउथ प्लाजा में जनाजे की नमाज अदा की गई।

इंकलाब मंच के सदस्य सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने समर्थकों से जनाजे के बाद प्रदर्शन के लिए शाहबाग जाने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा- हम यहां शोक मनाने नहीं आए हैं। हम अपने भाई के लिए न्याय की मांग करने आए हैं। जाबेर ने कहा कि हादी की हत्या में शामिल हमलावरों को घटना के एक हफ्ते बाद भी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। उन्होंने सरकार से 24 घंटों के भीतर अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने की मांग की। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि हादी के अंतिम संस्कार के बाद हजारों लोगों की भीड़ ने संसद में घुसने की कोशिश की है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। हादी की मौत के विरोध में इंकलाब मंच और जमात के कट्?टरपंथियों ने शुक्रवार को बेनापोल से भारत के बॉर्डर तक मार्च निकाला। उनका कहना था कि पूर्व पीएम शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपा जाए। चटगांव में चंद्रनाथ मंदिर के बाहर कट्?टरपंथियों ने धार्मिक नारेबाजी की। इधर भारतीय सेना भी एक्टिव हो गई है और बांग्लादेश के हालात पर नजर बनाए हुए है।



### भारत विरोधी बांग्लादेशी नेता के जनाजे में लाखों लोग पहुंचे:यूनुस सरकार ने दंगाइयों को फ्री हैंड दिया था

यूनुस सरकार ने दंगाइयों को फ्री हैंड दिया था। दो घंटे तक मौके पर पुलिस या आर्मी को नहीं भेजा गया। यूनुस सरकार 12 फरवरी को चुनाव टालने के फिराक में है। अवामी लीग बैन है, बीएनपी के तारिक रहमान 25 दिसंबर को लंदन से ढाका लौट रहे हैं। रहमान अपनी पार्टी के लिए कोई आधार नहीं बना पाएं, इसलिए यूनुस अराजकता चाहते हैं। कट्?टरपंथी जमात को यूनुस का सम?र्थन हासिल है। अवामी लीग और बीएनपी के हाशिये पर जाने के बाद चुनाव होते हैं तो जमात की बड़ी जीत के आसार हैं। यूनुस फिर राष्ट्रपति बन सकते हैं।

### हिंदू-युवक की हत्या के मामले में 7 गिरफ्तार

बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अंतरिम सरकार ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को मयमनसिंह शहर में 25 वर्षीय दीपु चंद्र दास को ईशनिंदा के आरोप लगाकर भीड़ ने बेरहमी से पीटा था। भीड़ ने उसके शव को पेड़ से लटका दिया और बाद में उसके शव को जला दिया। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए मयमनसिंह मेडिकल कॉलेज भेजा है।

## बांग्लादेश हिंसा- 7 साल की बच्ची को जिंदा जलाया: घर में आग लगाई

बांग्लादेश के लक्ष्मीपुर सदर में शुक्रवार देर रात कुछ उपद्रवियों ने एक घर को बाहर से बंद कर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग में जिंदा जलने से एक 7 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। यह घर बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (इठढ) के नेता बिलाल हुसैन का है। पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 1 बजे की है। आग लगने से बिलाल की 7 साल की बेटी आयशा अख्तर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बिलाल हुसैन और उनकी दो अन्य बेटियां सलमा अख्तर (16) और सामिया अख्तर (14) गंभीर रूप से झुलस गईं। बिलाल का इलाज लक्ष्मीपुर सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि दोनों बेटियों को गंभीर हालत में ढाका भेजा गया है।



### पुतिन के सामने पत्रकार ने गर्लफ्रेंड को प्रपोज किया; रूसी राष्ट्रपति बोले- हम आपकी शादी के लिए चंदा जुटाएंगे

रूसी राष्ट्रपति पुतिन की शुक्रवार को सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक 23 वर्षीय पत्रकार ने अपनी गर्लफ्रेंड को शादी के लिए प्रपोज कर दिया। किरिल के हाथ में एक प्लेकार्ड था, जिस पर लिखा था - 'आई वॉन्ट टु गेट मैरीड'। वायरल वीडियो में रूस के लोकल टीवी जर्नलिस्ट किरिल बाजानोव ने पुतिन से सवाल पूछने से पहले दर्शकों से कहा - मेरी गर्लफ्रेंड ये देख रही है। ऑल्गा, क्या तुम मुझसे शादी करोगी? प्लीज, मुझसे शादी कर लो... मैं तुम्हें प्रपोज कर रहा हूं। कुछ देर बाद लाइव ब्रॉडकास्ट की होस्ट ने अपडेट देते हुए कहा, 'हमें ब्रेकिंग न्यूज मिल रही है, किरिल बाजानोव की गर्लफ्रेंड ओलेचका ने उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया है, अब वो किरिल से शादी करेंगी।' होस्ट की घोषणा के बाद दर्शकों के साथ पुतिन भी ताली बजाने लगे। तभी पत्रकार ने पुतिन को निमंत्रण देते हुए कहा, 'राष्ट्रपति महोदय, हमें अपनी शादी में आपको देखकर बहुत खुशी होगी।' पुतिन ने शादी के निमंत्रण का जवाब नहीं दिया, बल्कि आर्थिक सहायता की पेशकश की। उन्होंने कहा - ह्यकिरिल परिवारों की आर्थिक स्थिति के बारे में पूछ रहे थे। और यह सही है। अब हम चंदा इकट्ठा करेंगे और कम से कम उनकी शादी के लिए पर्याप्त धन जुटाएंगे।ह्व

### चीन ने समुद्र के नीचे एशिया का सबसे बड़ा गोल्ड भंडार खोजा, करीब 3900 टन सोना मिलने की संभावना

चीन ने अपने शेडोंग प्रांत के यांताई जिले के लाइझोउ शहर के तट के पास समुद्र के नीचे सोने का एक बहुत बड़ा भंडार खोजने का दावा किया है। इसे एशिया का अब तक का सबसे बड़ा समुद्री स्वर्ण भंडार बताया जा रहा है।

चीन के सरकारी मीडिया के मुताबिक, इस इलाके में करीब 3,900 टन सोना होने की संभावना है। बताया गया है कि यह मात्रा चीन के कुल नेशनल गोल्ड रिजर्व का लगभग 26% हो सकती है। हालांकि, अभी तक समुद्र के नीचे मिले सोने की सही मात्रा और उसकी कीमत को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।




यांताई नगर प्रशासन का कहना है कि इस खोज के बाद लाइझोउ शहर सोने के भंडार और उत्पादन, दोनों मामलों में चीन में सबसे आगे आ गया है। अधिकारियों के मुताबिक, यह खोज देश की अर्थव्यवस्था और माइनिंग इंडस्ट्री के लिए काफी अहम मानी जा रही है। इससे पहले नवंबर महीने में भी चीन ने अपने पूर्वोत्तर प्रांत लियाओनिंग में लगभग 1,444 टन सोने के भंडार की खोज की थी। लगातार हो रही इन खोजों से साफ है कि चीन अपने खनिज संसाधनों को लेकर बड़े स्तर पर काम कर रहा है।

# अमेरिका का सीरिया में 70 से ज्यादा ठिकानों पर अटैक, अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद ऑपरेशन हॉकआई' शुरू किया

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिका ने शुक्रवार को सीरिया में आतंकी संगठन क्रक्र से जुड़े 70 ठिकानों पर हवाई हमले कर उन्हें तबाह कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों ने उठठ को बताया कि यह कार्रवाई हाल ही में हुए उस हमले के जवाब में की गई जिसमें सीरिया में तैनात अमेरिका के दो सैनिक और एक ट्रांसलेटर मारे गए थे।

इस मिलिट्री ऑपरेशन को 'ऑपरेशन हॉकआई' नाम दिया गया है। यह नाम इसलिए रखा गया क्योंकि मारे गए सैनिक अमेरिका के आयोवा राज्य से थे, जिसे 'हॉकआई स्टेट' कहा जाता है। अधिकारियों के मुताबिक जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया उनमें आतंकियों के ठहरने की जगह, हथियार रखने के गोदाम और दूसरी जगह शामिल हैं। ट्रम्प ने हमले पर रिएक्शन देते हुए कहा कि उन्होंने अपना वादा



पूरा किया।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इन हमलों को बदले की कार्रवाई बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि यह किसी नए युद्ध की शुरूआत नहीं है, बल्कि उन लोगों के खिलाफ जवाब है जिन्होंने अमेरिकी सैनिकों को मारा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की लीडरशिप में अमेरिका अपने लोगों की रक्षा से कभी पीछे नहीं हटेगा।

यह पूरा मामला 13 दिसंबर को शुरू हुआ, जब सीरिया में एक हमले में अमेरिका के दो सैनिक और उनके साथ काम कर रहा एक लोकल ट्रांसलेटर मारा गया था। इसके बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने कई छोटे ऑपरेशन चलाए, जिनमें करीब 23 लोगों को मार गिराया गया या गिरफ्तार किया गया। इन ऑपरेशन के दौरान इलेक्ट्रॉनिक सामान से अहम जानकारियां मिलीं, जिनके आधार पर अब यह बड़ा हवाई हमला किया गया।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सीरिया में अमेरिकी सैनिकों की हत्या के बाद अब अमेरिका आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है। ट्रम्प ने बताया कि इस हफ्ते मारे गए बहादुर सैनिकों के शव पूरे सम्मान के साथ अमेरिका लाए गए और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करते हुए अमेरिका अब उन आतंकियों को करारा जवाब दे रहा है, जो इस हमले के जिम्मेदार हैं।? अमेरिकी सेना सीरिया में क्रक्र के ठिकानों पर हमला कर रही है। ट्रम्प ने कहा कि सीरिया ने लंबे समय से बहुत खून-खराबा और हिंसा देखी है, लेकिन अगर क्रक्र को वहां से पूरी तरह खत्म कर दिया जाए, तो देश का भविष्य अच्छा हो सकता है। सीरियाई सरकार इस कार्रवाई का समर्थन कर रही है। राष्ट्रपति ने आतंकियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी अमेरिका पर हमला करेगा या अमेरिका को धमकाएगा, उसे पहले से कहीं ज्यादा सख्त जवाब दिया जाएगा।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले- यूक्रेन हारा, तो पोलैंड पर हमला करेगा रूस

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि अगर यूक्रेन हारा, तो रूस पोलैंड पर हमला करेगा। पोलैंड के राष्ट्रपति कैरोल नवरोकी के साथ ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेलेंस्की ने बीच मजबूत संबंध बनाए रखने की बात भी कही। जेलेंस्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यूक्रेन पूरी तह आजाद नहीं हुआ, तो रूस का ध्यान पोलैंड पर जाएगा। इसीलिए यह बेहद जरूरी है कि दोनों देश एकजुट होकर खड़े रहें। जेलेंस्की 19 दिसंबर को पोलैंड की राजधानी वारसॉ में थे। इस दौरे का मकसद पोलैंड में हुए सत्ता परिवर्तन के बावजूद पोलैंड के साथ संबंध स्थिर बनाए रखना था। ये 2025 में जेलेंस्की की तीसरी पोलैंड यात्रा रही।पोलैंड की वर्तमान सरकार यूक्रेन का समर्थन करती आई है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पिता- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....


0000000000

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

### ऊपर से नीचे

1. मदिरा, मय-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2, 3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी-5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ-3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | | 20 | | 70 | | 10 | = | 86 |
| | | | | | | | | |
| 86 | | 1 | | 20 | | 25 | = | 42 |
| | | | | | | | | |
| 72 | | 4 | | 9 | | 62 | = | 100 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 20 | | 50 | | 10 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 8 | | 4 | | 9 | | 87 | = | 8 / 90 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रा | जें | द्र | स | ता | जा | वा | ज | पे | स |
| ला | फ | ल | प्रे | व | जी | म | द | ह | कां | र |
| न | स | ल | म | को | ह | रा | म | ल | खा | का |
| त | स | स | ता | दि | वा | ज | ध | त्रि | श | र |
| श | आ | र | ग | स | ज | ना | तू | दे | झ | प |
| न | ल | ला | र | दि | म | उ | ती | व | घ | स |
| स | इ | क | फ्यू | जी | प | वा | ज | स | व | जा |
| श | एं | वा | स | र | फ | रो | श | ज | श | न्हा |
| मी | ड | ल | फू | ल | औ | र | आ | ग | स | आ |
| र | गों | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | चे | ट |
| वि | ज | स | ता | धी | श | डि | त | व | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | 5 | 2 | | |
| 3 | 38 | | 33 | | 27 | 1 |
| | 4 | 7 | | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 32 | | 35 | | 33 | |
| | 1 | 6 | | | 5 | 2 |
| 1 | 24 | | 35 | | 30 | |
| | 3 | | 7 | 4 | | 5 |

# ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू 5 लड़कियों की गोद में लेटे दिखे



# एपस्टीन की गोद में नजर आईं नाबालिग लड़कियां

**अमेरिका में एपस्टीन सेक्स स्कैंडल के नए खुलासे में अमेरिका के पूर्व बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन, हॉलीवुड एक्टर क्रिस टकर जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आई हैं। ये फाइल भारतीय समय के मुताबिक, शुक्रवार रात 2.30 बजे जारी की गईं।**

## लड़कियों के साथ हॉट-टब में नहाते दिखे क्लिंटन, माइकल जैक्सन की भी तस्वीरें

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार रात ढाई बजे (भारतीय समय के मुताबिक) तीन लाख दस्तावेज जारी कर दिए हैं। इनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन, हॉलीवुड एक्टर क्रिस टकर, ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आई हैं। कुछ फोटोज में क्लिंटन लड़कियों के साथ पूल में नहाते और पार्टी करते नजर आ रहे हैं। पहले ये सभी तस्वीरें 4 सेट में जारी की गईं। इसके कुछ घंटे बाद 3 और सेट जारी किया गया। इसमें कुल मिलाकर 3,500 से अधिक फाइलें हैं, जिनमें 2.5 ऋ्ह से ज्यादा की तस्वीरें और दस्तावेज शामिल हैं। हालांकि कई तस्वीरों में यह साफ नहीं है कि ये कहां ली गई हैं।



इन खुलासों का असर कितना बड़ा होगा, यह अभी साफ नहीं है। वजह यह है कि दस्तावेजों की संख्या बहुत ज्यादा है और एपस्टीन से जुड़ी काफी तस्वीरें पहले भी सामने आ चुकी है। जस्टिस डिपार्टमेंट ने यह भी कहा है कि कुछ दस्तावेज अभी रोके गए हैं, क्योंकि कुछ जांचें चल रही हैं या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कारण हैं। जेफ्री एपस्टीन एक फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी था, उसकी जेल में मौत हो गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 18 नवंबर को कानून पर दस्तखत कर एपस्टीन से जुड़े सभी दस्तावेजों को 30 दिन के भीतर जारी करने का आदेश दिया था।

अब तक इन मशहूर हस्तियों की तस्वीरें आईं
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन
पॉप स्टार माइकल जैक्सन
प्रिंस एंड्रयू और उनकी पत्नी सारा फर्ग्यूसन
अमेरिकी होस्ट ओप्रा विन्फ्रे



**गिस्लीन मैक्सवेल के साथ मिक जैगर। मिक प्रसिद्ध रॉक बैंड 'द रोलिंग स्टोन्स' के लीड सिंगर हैं।**

## एपस्टीन केस से जुड़ी और फाइलें जारी होंगी

शुक्रवार रात को जारी किए गए दस्तावेजों ने एपस्टीन और उसकी सहयोगी गिस्लीन मैक्सवेल के मामलों से जुड़े ग्रैंड जूरी के रिकॉर्ड शामिल हैं, जिनमें पीड़ितों की गवाहियां और ट्रैवल से जुड़े कागजात मौजूद हैं। कई नामों को अभी भी सीक्रेट रखा गया है। जस्टिस डिपार्टमेंट आने वाले वक्त में एपस्टीन केस से जुड़ी और तस्वीरें जारी करेगा।


आमतौर पर ग्रैंड जूरी से जुड़े दस्तावेज केस खत्म होने के



बाद भी सार्वजनिक नहीं किए जाते, लेकिन हाल ही में अमेरिकी संसद ने एक नया कानून पास किया, जिसके बाद अदालत ने इन्हें जारी करने की इजाजत दी। इसी के तहत जस्टिस डिपार्टमेंट अब धीरे-धीरे एपस्टीन फाइल्स सामने ला रहा है। इनमें एपस्टीन की संपत्तियों, पैसों के लेन-देन, यात्रा रिकॉर्ड और महिलाओं से जुड़े नोट्स का जिक्र है। मैक्सवेल से जुड़ी स्लाइड्स में उसकी एपस्टीन के साथ तस्वीरें और फ्लाइट्स की जानकारी भी शामिल हैं। इन दस्तावेजों में एक ऋ्हक एजेंट की गवाही भी सामने आई है। एजेंट ने बताया कि एक 14 साल की लड़की को स्कूल छोड़ने के बाद एपस्टीन से मिलवाया गया था। उससे कहा गया था कि अगर वह एक अमीर आदमी को मसाज देगी तो उसे पैसे मिलेंगे। बाद में उसी लड़की के साथ यौन शोषण किया गया। एजेंट के मुताबिक, इसी तरह और लड़कियों को लाया जाता था और एक लड़की ने तो एपस्टीन के लिए 20 से 50 लड़कियां तक जुटाईं।

एपस्टीन से जुड़ी नई फाइलों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का भी जिक्र सामने आया है। इससे पहले कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, 1990 के दशक में एपस्टीन ने फ्लोरिडा के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में ट्रम्प की मुलाकात एक 14 साल की लड़की से कराई थी। दस्तावेज में कहा गया है कि उस समय एपस्टीन ने मजाक में ट्रम्प से कहा था यह अच्छी है, है ना? इस पर ट्रम्प मुस्कराए और हां सिर हिलाया। कागजों के मुताबिक, दोनों हंस पड़े, जबकि लड़की को यह बात अजीब और असहज लगी, लेकिन वह उस उम्र में यह नहीं समझ पाई कि ऐसा क्यों महसूस हो रहा है।

## एपस्टीन फाइल में आयुर्वेदिक मसाज का जिक्र:लिखा- पश्चिमी देश भारतीय मसाज की तकनीक अपना रहे, तिल का तेल डिटॉक्स करने में फायदेमंद




### बिल क्लिंटन बोले- मुझे बलि का बकरा बनाया जा रहा

अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों में भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का भी जिक्र है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी इन दस्तावेजों में मसाज तकनीकों और आयुर्वेदिक इलाज के जरिए शरीर को डिटॉक्स करने की बात कही गई है।

जारी दस्तावेजों में एक प्रदर्शनी के तौर पर ऐसे लेटर भी शामिल हैं। इसमें लिखा है कि पश्चिमी देशों में अब कई लोग भारत की करीब 5,000 साल पुरानी प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली पर आधारित मसाज और इलाज की तकनीकें अपना रहे हैं। फाइलों में 'द आर्ट ऑफ गिविंग मसाज' जैसे लेख का जिक्र है, जिसमें तिल के तेल से मसाज कर शरीर की सफाई यानी डिटॉक्स करने को फायदेमंद बताया गया है। इसमें आयुर्वेद को प्राकृतिक और पारंपरिक इलाज की पद्धति के रूप में बताया गया है। कुछ दस्तावेज ऐसे भी मिले हैं, जिन्हें 'बेबी मसाज ट्रेनिंग' के निर्देश बताए गए हैं। यानी कि दस्तावेजों में कदम-दर-कदम बताया गया है कि क्या करना है और कैसे करना है। इसके साथ ही लड़कियों को क्लाइंट्स को मसाज देने के निर्देश भी हैं। इसमें कुछ अश्लील प्रोसेस भी शामिल हैं।

एपस्टीन फाइल्स में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तस्वीरें सामने आने के बाद अमेरिका की राजनीति में हलचल मच गई है। क्लिंटन के प्रवक्ता ने आरोप लगाया है कि व्हाइट हाउस जानबूझकर उन्हें 'बलि का बकरा' बना रहा है और असली मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। संसद के आदेश पर जारी इन फाइलों में क्लिंटन की तस्वीरें एपस्टीन और उसकी सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल के साथ दिखाई गई हैं। एक तस्वीर में क्लिंटन एक स्विमिंग पूल में मैक्सवेल और एक लड़की के साथ नजर आ रहे हैं। हालांकि उस युवती का चेहरा ढका हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, क्लिंटन के राष्ट्रपति रहते हुए एपस्टीन कम से कम 17 बार व्हाइट हाउस गया था। इसके अलावा, पद छोड़ने के बाद क्लिंटन कुछ यात्राओं पर एपस्टीन के निजी विमान से एशिया और अफ्रीका भी गए थे, जो उनकी संस्था से जुड़े कामों के लिए थीं। हालांकि, अब तक क्लिंटन पर एपस्टीन से जुड़े किसी भी अपराध का कोई औपचारिक आरोप नहीं लगा है। क्लिंटन लगातार कहते रहे हैं कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। क्लिंटन के प्रवक्ता एंजेल उरेना ने सोशल मीडिया पर कहा कि व्हाइट हाउस ने महीनों तक इन फाइलों को रोके रखा और अब इन्हें जारी कर क्लिंटन को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सब खुद को बचाने और आने वाले खुलासों से ध्यान हटाने के लिए किया जा रहा है।

■ वर्ष-12 अंक-49 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 21 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः परोपकाराय वहन्ति नद्यः।
परोपकाराय दुहन्ति गावः परोपकारार्थ मिदं शरीरम्॥

**भावार्थ** : परोपकार के लिए वृक्ष फल देते हैं, नदीयाँ परोपकार के लिए ही बहती हैं और गाय परोपकार के लिए दूध देती हैं अर्थात् यह शरीर भी परोपकार के लिए ही है।

अथ चेद् बुद्धिजं कृत्वा ब्रूयुस्ते तदबुद्धिजम्।
पापान् स्वल्पेऽपि तान् हन्यादपराधे तथानृजून्॥

**भावार्थ** : अब यदि बुद्धि प्रयोग से यानी सोच-समझकर अपराध करने के बाद वे तुमसे कहें कि अनजाने में ऐसा हो गया है, तो ऐसे मृथ्याचारियों को थोड़े-से अपराध के लिए भी दण्डित किया जाना चाहिए।

## अधुना यावत संलग्नाः 19.07 कोटिरूप्यकाणां सम्पत्तिः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

तेषां विरुद्धं बृहत् कर-चोरणस्य अपि आरोपः अस्ति। इदानीं कम्पनी स्पष्टीकृतवती यत् वैश्विकरूपेण मान्यताप्राप्तः सट्टेबाजः अस्ति तथा च विगत 18 वर्षेभ्यः सट्टेबाजी उद्योगे कार्यं कुर्वती अस्ति। कम्पनी दावान् करोति यत् तस्याः ग्राहकाः सहस्राणि क्रीडाकार्यक्रमेषु दावान् कुर्वन्ति, तस्याः जालपुटं एप् च ७० भाषासु उपलभ्यते। ईडी सूत्राणां अनुसारं अद्यतनकार्यवाहीयां कुलम् 7.93 कोटिरूप्यकाणां सम्पत्तिः जप्तवती अस्ति। पूर्वं अन्वेषणसंस्थायाः शिखरधवनस्य ४.५५ कोटिरूप्यकाणां सम्पत्तिः अपि जप्तवती आसीत्, अस्मिन् प्रकरणे सुरेशरैना इत्यस्य ६.६४ कोटिरूप्यकाणां सम्पत्तिः अपि जप्तवती आसीत् एतावता अस्मिन् सन्दर्भे ईडी इत्यनेन १९.०७ कोटिरूप्यकाणां सम्पत्तिः संलग्नाः सन्ति।

## सम्पादकीयम्

### सम्बन्धेषु हिंसा

सम्बन्धेषु हिंसा प्रायः भावनात्मकदुर्व्यवहारेन आरभ्यते, ततः आर्थिकदुर्व्यवहारः, ततः शारीरिकदुर्व्यवहारः इत्यादिषु अधिकनियन्त्रकव्यवहारेषु प्रगच्छति। यावत् शारीरिकदुर्व्यवहारः भवति तावत् जीवनं प्रायः गभीरं उलझितं भवति। गृहं, बालकं, आर्थिकं च विषयाः एतावन्तः परस्परं सम्बद्धाः भवन्ति यत् तान् सहजतया त्यक्तुं कठिनं भवति। पितृसत्तात्मकता गभीररूपेण निहितम् अस्ति। पुरुषाः प्रदातारः स्त्रियः च तेषां सम्पत्तिः इति विचारः विश्वव्यापीरूपेण गभीररूपेण निहितः अस्ति। अतः विवाहे स्त्रियः स्वपत्न्याः आज्ञापालनं, यथेष्टं करणं, समाननिर्णयस्य प्रयासं न कुर्वन्ति इति अपेक्षितम्। यदि ते एतेषां मानदण्डानां उल्लङ्घनं कुर्वन्ति तर्हि तेषां दण्डरूपेण शारीरिकहिंसायाः सामना कर्तुं शक्यते। सामाजिक समस्या। स्त्रियाः विरुद्धं हिंसा प्रायः व्यक्तिगतप्रकरणरूपेण वा कतिपयदुष्टपुरुषाणां व्यवहाररूपेण वा दृश्यते। परन्तु एषा व्यापका, सामूहिका, सामाजिकसमस्या अस्ति, यस्य मूलं पुरुषत्वं परितः केन्द्रीकृतसामाजिकमान्यतासु अस्ति। एताः सामाजिकरूपेण निर्मिताः संज्ञाः न केवलं स्त्रियाः व्यवहारं निर्धारयन्ति; ते पुरुषान् अपि, बाल्यकालात् एव तथाकथितपुरुषगुणान् स्वीकुर्वितुं सज्जयन्ति। पुरुषत्वस्य विद्यालयः। विषाक्तपुरुषत्वस्य अयं विद्यालयः स्त्रियाः नियन्त्रणार्थं शारीरिकदण्डः आवश्यकः इति तथ्यं निरन्तरं स्थापयति। बालकाः पुरुषाः च एतेषां पुरुषत्वस्य सामाजिकमानकानां अनुरूपं भवितुं दबावं प्राप्नुवन्ति, एतेन हिंसकव्यवहारस्य न्यूनता न भवति, यद्यपि प्रगतेः कियन्तः।

#### भारते विलासस्य परिभाषा तीव्रगत्या परिवर्तमाना अस्ति

## अनन्त अम्बानीतः मेस्सीपर्यन्तं रिचर्ड मिल् घड़ी धनस्य





### स्थितिस्य च परमं प्रतीकं किमर्थं जातम्

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

भारते विलासस्य परिभाषा तीव्रगत्या परिवर्तमाना अस्ति। कदाचित् विलासपूर्णाः काराः, बंगलाः, निजीविमानाः च धनस्य लक्षणं मन्यन्ते स्म, परन्तु अधुना कटिघटिका अपि स्वस्य स्थितिः, प्रभावः, प्रभावः च प्रमाणरूपेण द्रष्टुं शक्यते रिचर्ड मिल् घड़ी ब्राण्ड् अस्य परिवर्तनस्य प्रमुखं उदाहरणं जातम्, तस्याः लोकप्रियता च तदा तीव्रताम् अवाप्तवती यदा अनन्त अम्बानी भारतं गच्छन्तं फुटबॉल-किंवदन्तं लियोनेल् मेस्सी इत्यस्मै प्रायः 11 कोटिरूप्यकाणां रिचर्ड-मिल्-घटिकां उपहाररूपेण दत्तवान् एतत् केवलं उपहारं न आसीत्, अपितु विलाससंस्कृतेः प्रतीकम् आसीत् यत्र अनन्यता परमपरिचयः अभवत्।

भारतस्य धनिकतमानां उद्योगिनां, चलच्चित्रनटानां, क्रीडासुपरस्टाराणां च मध्ये रिचर्ड मिले नूतनं स्थितिचिह्नं जातम्। 3 कोटि (प्रायः ३० मिलियन डॉलर) तः आरभ्य मूल्यानि सामान्यजनानाम् प्राप्यतायां बहु परं स्थापयन्ति। एषः भेदः ब्राण्ड् अधिकं विशेषं करोति। शाहरुखखानः, हार्दिकपाण्ड्या, रामचरणः, अम्बानीपरिवारः इत्यादीनां नामानां सङ्गतिः दर्शयति यत रिचर्ड मिले इदानीं केवलं घडिकायाः अपेक्षया अधिकः, अपितु वक्तव्यः एव अस्ति।

ब्राण्ड्-कथा तस्य घडिकानां इव अद्वितीया अस्ति। रिचर्ड मिल् इत्यस्य आरम्भः प्रायः २५ वर्षाणि पूर्वं अभवत्, यदा घड़ी-उद्योगे पारम्परिक-निर्माणस्य, शास्त्रीय-चिन्तनस्य च आधिपत्यं आसीत्। ब्राण्ड्-संस्थापकः रिचड् मिल् इत्यनेन एतां मानसिकतां भङ्गयितुं निर्णयः कृतः। तस्य स्वप्नः आसीत् यत् विलासपूर्णं दृश्यमानं, तथापि रेसिंगकार इव दृढं लघु च घटिका निमार्तुम्। तस्य प्रथमा घड़ी 001 इति २००१ तमे वर्षे प्रक्षेपिता अस्याः दृष्टेः परिणामः आसीत्। तस्मिन् समये अस्य मूल्यं प्रायः १,३०,००० डॉलर आसीत्, केवलं १७ खण्डाः एव निर्मिताः। अतः परं स्पष्टं जातं यत् रिचर्ड मिलः जनसमूहस्य कृते न निर्मितः भविष्यति, अपितु अत्यन्तं सीमितदर्शकानां कृते एव निर्मितः भविष्यति।

रिचर्ड मिले इत्यस्य महत्तमं बलं तस्य अभियांत्रिकी अस्ति। ब्राण्ड् पारम्परिकघटिकानिमार्णात्
विहाय एयरोस्पेस् तथा मोटरस्पोट्स् इत्येतयोः जगतः प्रेरणाम् आकर्षयति। अस्य घडिकासु टाइटेनियम, ग्राफीन, कार्बन टीपीटी इत्यादीनां सामग्रीनां उपयोगः भवति, ये सामान्यतया अन्तरिक्षयानेषु, फामूर्ला १ कारेषु च दृश्यन्त। एतानि सामग्रीनि घडिकाः अत्यन्तं लघुभारयुक्ताः अपवादरूपेण आघातप्रतिरोधी च भवन्ति।

#### जबलपुरस्य रद्दीचौकीक्षेत्रे

## अन्सारनगरे नमाजात् पूर्वं अराजकता उत्पन्ना

### यदा निर्दिष्टस्य इमामस्य स्थाने भिन्नः मौलाना नमाजस्य नेतृत्वं कृतवान्

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मस्जिदस्य अन्तः आरब्धः विवादः शीघ्रमेव द्वयोः समितियोः मध्ये टकरावरूपेण परिणतः । स्थितिः एतावत्पर्यन्तं वर्धिता यत् समीपस्थक्षेत्रेभ्यः निवासिनः उपासकैः सह घटनास्थले समागताः अभवन्, ततः स्थितिः तनावपूर्णा अभवत स्थितिं नियन्त्रयितुं त्रयाणां पुलिसस्थानकानां पुलिसं आहूतव्यम् आसीत्।

उपस्थितानां मते मस्जिदस्य नियमित इमामस्य मौलाना रियाज अहमदस्य अस्वस्थतायाः कारणात् समितिः भिन्नं इमामम् आहूतवती आसीत्। अन्यस्य परिसरे निवासिनः अस्य विषये आक्षेपं कृत्वा आरोपं कृतवन्तः यत् यः मौलाना नमाजानां नेतृत्वं करोति सः मस्जिदे नमाजानां नेतृत्वं कर्तुं अधिकृतः नास्ति इति। केचन जनाः तस्य वहाबीविचारधाराभिः सह सम्बद्धः इति आरोपं कृत्वा विरोधं कर्तुं आरब्धवन्तः। तदनन्तरं मस्जिदस्य अन्तः विवादः युद्धरूपेण परिणतः, येन सम्पूर्णे क्षेत्रे तनावः प्रसृतः। प्रशासनं लॉक डाउन करोति स्थितिं क्षीणं दृष्ट्वा एसडीएम पंकज मिश्रः घटनास्थले आगत्य पक्षद्वयं शान्तं कर्तुं प्रयतितवान्। परन्तु यदा विवादः अनवधानः अभवत् तदा सावधानतारूपेण मस्जिदद्वारेषु तालं कृत्वा प्रशासनिकरूपेण सीलीकरणं कृतम्। एसडीएम स्पष्टं कृतवान् यत् एतत् पदं केवलं शान्तिं व्यवस्थां च निर्वाहयितुम् एव गृहीतम्, येन सायं प्रार्थनायाः पूर्वं अप्रियपरिस्थितिः न उत्पद्यते इति सुनिश्चितं भवति।

## राशिफल

**मेष** : कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत नजर आएगी और वरिष्ठ अधिकारी आपके काम से संतुष्ट हो सकते हैं।

**वृषभ** : खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट संभालकर चलें। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक शांति मिलेगी।

**मिथुन** : करियर से जुड़े रुके हुए काम आगे बढ़ सकते हैं। आर्थिक लाभ के योग हैं। दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** : परिवार में किसी बात को लेकर चिंता हो सकती है, लेकिन बातचीत से समाधान निकलेगा।

**सिंह** : मान-सम्मान में वृद्धि होगी और लोग आपकी बातों को गंभीरता से लेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं।

**कन्या** : कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**तुला** : धन से जुड़े मामलों में सावधानी बरतें। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा। स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार महसूस होगा।

**वृश्चिक** : मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रेम जीवन में समझ और सामंजस्य रहेगा। मानसिक रूप से सुकून महसूस करेंगे।

**धनु** : नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य से बेहतर रहेगी।

**मकर** : धन को लेकर सोच-समझकर फैसले लें। प्रेम संबंधों में भरोसा बनाए रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कुंभ** : यात्रा या किसी नए काम की शुरूआत संभव है। आर्थिक लाभ के संकेत हैं। मन प्रसन्न रहेगा और ऊर्जा बनी रहेगी।


**मीन** : परिवार और रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# सुबह-सुबह आए ऐसे सपने तो किसी को न बताएं, जीवन में हो सकते हैं सकारात्मक बदलाव

ब्रह्म मुहूर्त में देखे गए सपनों को बहुत प्रभावशाली माना जाता है। मान्यता है कि ब्रह्म मुहूर्त में आए सपने जल्द फल देते हैं और भविष्य में होने वाली शुभ घटनाओं की ओर इशारा करते हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं...

स्वप्न शास्त्र के अनुसार, हर सपना किसी न किसी संकेत को दशार्ता है। विशेष रूप से सूर्योदय से पहले यानी ब्रह्म मुहूर्त अत्यंत पवित्र माना जाता है, जो सुबह लगभग 3:30 से 5:30 बजे तक का समय होता है। इस दौरान देखे गए सपनों को बहुत प्रभावशाली समझा जाता है। मान्यता है कि ब्रह्म मुहूर्त में आए सपने जल्द फल देते हैं और भविष्य में होने वाली शुभ घटनाओं की ओर इशारा करते हैं। आइए जानते हैं कि इस समय कौन-से सपने भाग्य में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।



**सपने में भगवान, मंदिर या पवित्र प्रतिमा दिखना–** यदि ब्रह्म मुहूर्त में सपने के दौरान आपको भगवान के दर्शन होते हैं, मंदिर दिखाई दे या किसी देवी-देवता की मूर्ति नजर आए, तो इसे बेहद शुभ संकेत माना जाता है। ऐसा सपना जीवन में उन्नति, कार्यक्षेत्र में सफलता और भगवान की कृपा का प्रतीक होता है। इससे मानसिक शांति बढ़ती है और रुके हुए काम पूरे होने लगते हैं। इसी तरह सपने में साफ बहता हुआ पानी, नदी या समुद्र दिखना आर्थिक स्थिति के मजबूत होने का संकेत देता है। यह धन लाभ, आर्थिक अड़चनों के दूर होने और जीवन में नई ऊर्जा का का सूचक माना जाता है।

**ब्रह्म मुहूर्त में सफेद पशु या हरियाली दिखना–** अगर इस शुभ समय में सपने में सफेद हाथी, सफेद गाय या सफेद घोड़ा दिखाई दे, तो यह सौभाग्य में वृद्धि का संकेत माना जाता है। ऐसे सपनों से समाज में मान-सम्मान बढ़ने और नौकरी या व्यवसाय में ऊंचा स्थान मिलने के योग बनते हैं। सपने में गाय का दिखना माता लक्ष्मी की कृपा का प्रतीक माना जाता है। वहीं हरे-भरे पेड़, फल-फूल से लदे पौधे या खेत दिखना समृद्धि, सफलता और संतान सुख से जुड़ा शुभ संकेत हो सकता है। यह दशार्ता है कि आपकी मेहनत अब रंग लाने वाली है।

**जलता दीपक, यज्ञ या सुंदर दृश्य–** सपने में जलता हुआ दीपक या यज्ञ की अग्नि दिखाई देना ज्ञान, आत्मिक उन्नति और जीवन में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। इससे यह संकेत मिलता है कि आपकी परेशानियों का अंत होने वाला है और जीवन में नई दिशा मिलेगी। यदि सपने में खिला हुआ कमल, हरा-भरा बगीचा या मनमोहक दृश्य दिखाई दें, तो यह मनोकामनाओं की पूर्ति, सुख-शांति और आंतरिक संतोष का संकेत देता है। ऐसे सपने व्यक्ति की आध्यात्मिक शक्ति को भी दशार्ते हैं।

**शुभ सपनों के बाद क्या करें–** स्वप्न शास्त्र के अनुसार, शुभ सपना देखने के बाद मन में सकारात्मक विचार बनाए रखना चाहिए, ताकि उसका फल शीघ्र प्राप्त हो सके। ऐसे सपनों को हर किसी से साझा नहीं करना चाहिए, विशेषकर ब्रह्म मुहूर्त में देखे गए शुभ स्वप्नों को गुप्त रखने से उनकी सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

## खबर एक नजर...

### बाइक घर के सामने खड़ी करने की बात पर हुआ विवाद

**उज्जैन।** खाचरौद के ग्राम जलवाल में रहने वाले विक्रम पिता गंगाराम चंद्रवंशी का घर के सामने बाइक खड़ी करने की बात पर संजू से विवाद हो गया। दोनों के बीच मामला गाली-गलौच के बाद मारपीट में बदल गया। संजू ने अपने साथियों के साथ मिलकर विक्रम को बुरी तरह पीटा और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए उसका मोबाइल और बाहक फोड़ दी। खाचरौद थाना पुलिस ने संजू और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट, तोडफोड और एससी एसटी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### पांच साल पुराने विवाद में महिला पर हमला

**उज्जैन।** खेत को लेकर पांच साल पहले हुए विवाद में शुक्रवार-शनिवार रात परिवार के लोगों ने अपनी भाभी कमलाबाई पति प्रहलादसिंह राठौर पर लाठी-घूंसों से हमला कर दिया। कमलबाई को गंभीर चोंट लगने पर उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है। घायल कमलाबाई राठौर निवासी ग्राम रूदाहेडा ने बताया कि 2020 में पति के चचेरे भाई से खेत को लेकर विवाद हुआ था। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया था। उसी विवाद में समझौते का दबाव बनाया जा रहा था। रात में पति के चचेरे भाई के परिवार में शामिल कमल, सावन, मानूबाई, पूजा, अंतरसिंह और आत्मराम घर आये थे। उन्होने समझौते की बात शुरू की, लेकिन पति प्रहलाद ने मना कर दिया। इसी बात पर सभी ने मिलकर हमला किया, उन्होने पति को भी मारने का प्रयास किया था लेकिन उन्होने भाग कर अपनी जान बचाई। पुलिस ने मामले में घायल महिला के बयान दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की बात कहीं है।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली वृद्धा की नहीं बची जान

**उज्जैन।** पिपलिया सारंग उन्हेल की रहने वाली सुगनबाई पति हरिराम 50 साल ने शुक्रवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। गंभीर हालत में परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां रात में सुगनबाई की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य खेत पर गये थे। दोपहर बाद मजदूरों के लिये चाय लेने घर लौटे तो सुगनबाई को बेसुध हालत में पाया था। स्थानीय अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर किया था। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मामला उन्हेल थाना क्षेत्र का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी।

### नानाखेड़ा चौराहा पर कारों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत

**उज्जैन।** नानाखेड़ा चौराहा पर शनिवार दोपहर को 2 कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों के चालक ने एक-दूसरे पर टक्कर मारने का आरोप लगाय और विवाद करने लगे। मामला नानाखेड़ा थाने पहुंचा तो पुलिस ने मिथुन पिता मुकेश ठाकुर निवासी ग्राम सिरोलिया देवास की शिकायत पर कार क्रमांक एमपी 13 झेड एस 4488 के चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया। वहीं बंटी पिता राजुपुरी गोस्वामी निवासी सिंधी कालोनी की शिकायत पर कार क्रमांक एमपी 09 झेड एल 3210 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया। कारों की भिड़ंत में किसी को चोंट नहीं लगी, लेकिन दोनों कारे क्षतिग्रस्त हुई है।

### खेत पर खड़े ट्रेक्टर में लगी आग

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार सोहेल पटेल के खेत में खड़े ट्रेक्टर में अचानक आग लग गई। आग तेजी के साथ फैली और ट्रेक्टर लपटो से घिर गया। आगजनी की सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड कार्यालय से दमकल मौके पर पहुंची और कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ट्रेक्टर में आग कैसे लगी, इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है।

---

**जान के दुश्मन प्रशासन और पुलिस की सख्ती के बाद भी मानने को तैयार नहीं**

# प्रतिबंधित खूनी चाइना डोर ने काटा छात्र का गला

## परीक्षा देकर लौट रहा था घर, डॉक्टरों ने लगाये 10 टांके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जान के दुश्मन प्रशासन और पुलिस की सख्ती के बाद भी मानने को तैयार नहीं है। शनिवार को एक बार फिर प्रतिबंधित खूनी चाइना डोर ने छात्र का गला काट दिया। लहूलुहान हालत में छात्र को दोस्त चरक अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उपचार जारी है।

झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया धूमा का रहने वाला योगेश पिता ईश्वरसिंह आंजना विक्रम यूनिर्वसिटी से एग्रीकल्चर द्वितीय वर्ष का अध्ययन कर रहा है। शनिवार को थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा होने पर यूनिर्वसिटी पहुंचा था। जहां से दोपहर में परीक्षा देने के बाद दोस्त मनीष आंजना के साथ अपने गांव लौट रहा था। आगररोड खिलचीपुर नाके पर अचानक चाइना डोर गले पर आकर टकराई, वह बाइक रोक पाता उससे पहले खूनी डोर ने गला रेंत दिया। लहूलुहान होने पर दोस्त मनीष तत्काल लोगों की मदद से योगेश को चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। गले पर घाव गहरा होने पर डॉक्टरों ने 10 टांके लगाकर उपचार के लिये भर्ती किया। योगेश के साथ हुई घटना का पता चलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गये थे। डॉक्टरों ने हालत खतरे से बाहर बताई है, लेकिन जिस तरह गला कटा है, उसका घाव भरने में समय लग सकता है। अस्पताल से ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा घटना की जानकारी चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई है। दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में कलेक्टर द्वारा खूनी चाइना डोर पर 2 माह का प्रतिबंध लगाया है, बावजूद खूनी डोर की मौजूदगी सामने आ रही है। 12 दिन पहले जीरो पाइंट ब्रिज पर छात्र का गला कट गया था, इससे पहले हरिफाटक ब्रिज पर स्कूटी सवार महिला गंभीर हादसे का शिकार होने से बच गई थी। विदित हो कि 2022 में 15 जनवरी को जीरो पाइंट ब्रिज पर गर्ल्स कॉलेज की छात्रा नेहा आंजना का चाइना डोर से गला कटने पर मौत हो गई थी। पिछले कुछ सालों से प्रतिबंधित डोर चाइना से हुई घटनाओं के बाद इस बात का पता लगाना पुलिस के लिये चुनौती भरा रहा है कि घटना के पीछे कौन था। छात्रा नेहा आंजना की मौत के बाद अब तक पतंगबाजी करने वाला सामने नहीं आ सका है।

### चाइना की 23 रील के साथ पकड़ाये 3 युवक

चाइन डोर पर प्रतिबंध लगने के बाद से पूरे जिले में पुलिस तलाशी अभियान चलाने के साथ मुखबीरों के माध्यम से प्रतिबंधित डोर बेचने वालों का पता लगा रही है। जिसमें चिमनगंज थाना पुलिस ने 3 युवको को 23 रील के साथ हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि खबर मिली थी कि कृषि उपज मंडी परिसर में 3 युवक चाइना डोर बिक्री के लिये आने वाले है। जिन्हे पकड़ने के लिये एएसआई दिनेश सारोठिया, प्रधान आरक्षक महेश बैस, मनोज कटारिया, रानी कौशिक, आरक्षक आनंद मिश्रा, दिनेश मंडोर की टीम को अलर्ट किया गया। युवको की मंडी परिसर में तलाश शुरू की गई। शाम को हर्ष पिता सरदारसिंह चौहान 19 साल निवासी ग्राम चंदूखेड़ी, श्रवण पिता रामेश्वर आंजना 19 साल निवासी ग्राम असलाना और अमरीश पिता राकेश सिसोदिया 19 साल निवासी जानसापुरा केडी गेट को पकड़ा गया। उनके पास से 23 रील जप्त की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में तीनों ने चाइना डोर इंदौर से लाना बताया है। जिसकी तस्दीक की जा रही है।



### नीलगंगा ने बरामद की थी 48 रील

14 दिसंबर को नीलगंगा थाना पुलिस ने शिवांश एलिगेंस कालोनी के पास से 3 युवको को पकड़ा था, उनसे पूछताछ के बाद प्रतिबंधित डोर के मामले से जुड़े एक नाबालिग और एक अन्य को गिरफ्तार किया था। पांचों के पास से 48 रील बरामद की गई थी। पुलिस की सख्ती और तलाशी अभियान के बाद भी शहर में चाइना डोर बेचने वालों की मौजूदगी सामने आ रही है, जो चंद रूपयों का मुनाफा कमाने के लिये लोगों की जान के दुश्मन बने हुए है।

---

# लालपुल ब्रिज पर 2 टुकड़ों में मिली युवक लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लालपुल ब्रिज पर शनिवार को 2 टुकड़ो में युवक की लाश मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और पहचान के प्रयास शुरू किये। देर शाम युवक की पहचान कर ली गई। परिजनों को सूचना दी गई है, रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की जायेगी।

महाकाल थाना पुलिस को कुछ लोगों ने सूचना देकर बताया था कि लालपुल ब्रिज पर एक युवक 2 टुकड़ो में कटा पड़ा है। कुछ देर पहले पुल के ट्रेक से मालगाड़ी गुजरी है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव के टुकड़ो को एकत्रित कर चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष लेकर आई। उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर सोशल मीडिया पर फोटो डाला गया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि देर शाम मृतक की पहचान मुन्ना पिता गौरीशंकर कौशल के रूप में हो गई। पूर्व में मृतक लालपुल क्षेत्र में रहता था, लेकिन वर्तमान में मक्सीरोड चकोर पार्क क्षेत्र में रहने चला गया था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मामला हादसा है या आत्महत्या का। रविवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें। उसके बाद ही पता चल पायेगा कि मौत की वजह क्या रही है।

# सबसे बड़ी चोरी में 10 से अधिक लोगों से पूछताछ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



**नहीं मिला सुराग, तकनीकी साक्ष्य जुटा रही पुलिस**

अमरनाथ एवेन्यू में हुई मंगलवार-बुधवार रात हुई सबसे बड़ी चोरी में 3 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अब तक 10 से अधिक लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। शंका है कि चोरी को ऐसे बदमाशों ने अंजाम दिया है, जिन्हे मकान की पूरी जानकारी थी।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के अमरनाथ एवेन्यू में रहने वाले पुरूषोत्तम गोयल शासकीय कार्यो के ठेके लेने का काम करते है। उनका पुत्र आनंद गोयल भी शासकीय ठेके लेता है। कुछ महिनों पहले ही गोयल परिवार ने मकान खरीदा था। जहां चोरी की बड़ी वारदात के बाद से पुलिस बदमाशों का पता लगाने में जुटी है। 200 से ज्यादा कैमरे देखने के बाद पुलिस ने मकान में काम करने वाले ड्रायवरों, काम वाली बाई सहित अन्य से पूछताछ की है। बावजूद 3 दिन गुजर जाने के बाद शनिवार शाम तक कोई पुख्ता सुराग नहीं मिल पाया था। पुलिस अब तकनीकी साक्ष्यों से अमरनाथ एवेन्यू के आसपास का डाटा एकत्रित करने में लगी है। जिसके आधार पर बदमाशों का पता लगाया जायेगा। पुलिस को शंका है कि जिस तरह से बदमाशों ने पीछे के रास्ते से वारदात को अंजमा दिया और बाउंड्रीवाल कूदी, उससे प्रतित हो रहा है कि बदमाशों को पूरी जानकारी थी। बदमाश कालोनी के मेन गेट से नहीं आये। जहां रात में गार्ड मौजूद रहते है। मकान में पुरूषोत्तम गोयल पत्नी के साथ निवास करते है। वारदात वाली रात वह बसंत विहार में रहने वाली बेटी के घर गये हुये थे। बदमाशों ने इसी का फायदा उठाया और सूने मकान का ताला तोड़ा। बताया जा रहा है कि बदमाश लाखों की नगदी के साथ कई तोला वजनी सोने-चांदी के आभूषण लेकर गये है।

# कप्तान ने जीवाजीगंज थाना भवन की फाइल के पलटे पन्ने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




**निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था के दिये निर्देश**

जिले में थानों भवनों का निरीक्षण कर रहे पुलिस कप्तान शनिवार को जीवाजीगंज थाने पहुंचे। उन्होने थाना स्टॉफ की कार्रवाई शैली को परखा, वहीं थाना भवन को नया बनाने के लिये पूर्व में तैयार की गई फाइल के पन्नों का पलटा।

पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा समय-समय पर जिले के थानों का निरीक्षण करने पहुंचे रहे है। इसी क्रम में शनिवार को जीवाजीगंज थाने का नम्बर आया। कप्तान ने इस दौरान सबसे पहले लम्बित और पुराने मामलों की फाइल देखी, अभिलेख संधारण की स्थिति का अवलोकन किया, वहीं थाना स्टॉफ को दिशा-निर्देश दिये। वर्षो पुराने थाना की हालत देख उन्होने थाना प्रभारी विवेक कनोडिया से चर्चा करते हुए पूर्व में थाना भवन को नया बनाने के लिये तैयार की गई फाइल के पन्नों का पलटा और फिर से फाइल तैयार कराने की बात कहीं, ताकि थाना भवन का स्वरूप बदला जा सके। भवन का जायजा लेते समय उन्होने पिछले हिस्से में कचरा-गंदगी देख कहा कि सिंहस्थ के मद्देनजर थाना भवन के आसपास मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके चलते थाना परिसर की सफाई व्यवस्था को भी बेहतर किया जाये। विदित हो कि पुलिस कप्तान लगातार थानों का निरीक्षण कर रहे है। पिछले दिनों नीलगंगा थाना निरीक्षण के दौरान उनका सख्त मिजाज भी सामने आया था, पुलिसकर्मियों की गैर मोजूदगी पर 13 से अधिक का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिये थे। यहीं नहीं भैरवगढ़ और महाकाल थाने का निरीक्षण करने के दौरान भैरवगढ़ थाना एसआई और प्रधान आरक्षक को प्रशंसा पत्र देकर नगद इनाम से पुरूस्कृत किया था। महाकाल थाने के प्रधान आरक्षक द्वारा रिकार्ड अपडेट रखने पर उसे भी इनाम देकर सम्मानित किया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com